दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



लाइफ स्टाइल...... | छोटे हाइट वाली लड़कियों को .........

वर्ष : 11 | अंक : 158 | लखनऊ, 26 मई, सोमवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# एनडीए की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना पर प्रस्ताव पारित

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार**




नई दिल्ली, नई दिल्ली में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की एक दिवसीय बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हो गई है। अशोका होटल में आयोजित इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की, जिसमें कई वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री भी उपस्थित थे। इस बैठक में एनडीए शासित राज्यों के लगभग 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जैसे प्रमुख नेता भी मौजूद थे। इस महत्वपूर्ण आयोजन के दौरान दो प्रमुख प्रस्ताव पारित किए गए, एक प्रस्ताव 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित था, जबकि दूसरा प्रस्ताव जाति जनगणना पर केंद्रित था। यह दशार्ता है कि गठबंधन ने सुरक्षा और सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की है।

### जेपी नड्डा ने जानकारी दी

एनडीए के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, 'आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सीएम सम्मेलन हुआ। इस बैठक में हमारे 20 सीएम और 18 डिप्टी सीएम मौजूद थे। 2 प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया गया और हमारी सेना के काम की बहुत प्रशंसा की गई और सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की बहुत सराहना की गई। इसलिए, यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।'

जेपी नड्डा ने कहा, 'आज बैठक में जातिगत जनगणना को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी है, साथ ही मोदी जी के इस फैसले की सराहना की और उन्हें बधाई दी। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम जाति की राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, पीड़ित और शोषित, जो छूट गए हैं, उन्हें मुख्यधारा में लाना चाहते हैं। यह समाज की जरूरत है।'

### दो प्रस्ताव पारित किए गए: शिंदे

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, 'दो प्रस्ताव पारित किए गए, पहला ऑपरेशन सिंदूर पर और दूसरा जाति जनगणना पर। सभी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए हमारे सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद और बधाई दी।'

## संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर, निगोही थाना क्षेत्र में एक युवक की कथित तौर पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि रतिगांव में प्रदीप कुमार (18) की शनिवार रात गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि कुमार का नाबालिग चचेरा भाई अपने पिता की लाइसेंसी राइफल साफ कर रहा था तभी गोली चल गयी। उन्होंने बताया कि गोली कुमार को लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक के पिता ने निगोही थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया है कि नाबालिक आरोपी ने गोली चला दी जिससे उनके बेटे की मौत हुई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उत्तर प्रदेश 'विकसित भारत' लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है : आदित्यनाथ



**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि राज्य 2047 तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आदित्यनाथ ने नयी दिल्ली में भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उत्तर प्रदेश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अध्यक्षता में नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित नीति आयोग की शासी परिषद की 10वीं बैठक में सहभाग कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने कहा, बैठक में विकसित भारत 2047 के लिए विकसित राज्य विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ। आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री के यशस्वी मार्गदर्शन में विकसित भारत-विकसित राज्य के पुनीत लक्ष्य की सिद्धि में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश टीम इंडिया के महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## योगी आदित्यनाथ के प्रोजेक्ट अलंकार ने संवारी यूपी में शिक्षा की छवि, दूसरे राज्य भी अपनाने को तैयार

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, प्रदेश में सरकारी माध्यमिक स्कूलों की तस्वीर बदलने वाला प्रोजेक्ट अलंकार अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में रविवार को दिल्ली में हुई एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब इस परियोजना की प्रगति और परिणामों को प्रस्तुत किया, तो अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी इसकी सराहना करते हुए इसे अपने राज्यों में लागू करने की इच्छा जताई। इस योजना के जरिये यूपी के सरकारी स्कूलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिनमें स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, साफ पेयजल, अलग शौचालय, रैंप, सौर ऊर्जा का उपयोग और खेल के मैदान जैसी सुविधाएं शामिल हैं। खास बात यह है कि यह कायाकल्प केवल शहरों तक सीमित नहीं, बल्कि गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों के स्कूलों तक पहुंचा है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

## शाहदरा में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगने से दो लोगों की मौत

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, पूर्वी दिल्ली के शाहदरा में रविवार सुबह ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लग जाने से दो लोगों की मौत हो गई और चार अन्य झुलस गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि उसे सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर शाहदरा के मोती राम रोड पर राम मंदिर के पास आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग लगभग 400 वर्ग गज में बने टिन शेड के ढांचे में लगी, जिसका ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, सुबह साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अभियान के दौरान मलबे से दो जले हुए शव बरामद किए गए। इस घटना में झुलसे चार घायलों को बचा लिया गया जिन्हें निकटवर्ती जी.टी.बी. अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है, जो संभवतः शेड में रहने वाले श्रमिक थे।

# मिस इंग्लैंड 2024 मिल्ला मैगी ने तेलंगाना में उत्पीड़न का दावा किया

## मिस वर्ल्ड से हटीं, केटी रामा राव ने घटना की निंदा की

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, मिस इंग्लैंड 2024, मिल्ला मैगी, तेलंगाना में कथित उत्पीड़न का दावा करने के बाद सुर्खियों में हैं, जिसके चलते उन्होंने मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया है। 24 वर्षीय मैगी 7 मई को प्रतियोगिता के लिए हैदराबाद पहुंची थीं, लेकिन 16 मई को यूके लौट गईं। इस घटना की बीआरएस नेता केटी रामा राव ने कड़ी निंदा की है।

द सन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को कथित तौर पर हर समय मेकअप में रहने और नाश्ते सहित पूरे दिन बॉल गाउन पहनने के लिए मजबूर किया जाता था। स्थिति तब और बिगड़ गई जब उनसे आयोजन में उनके वित्तीय योगदान के लिए आभार व्यक्त करने हेतु मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों के साथ घुलने-मिलने को कहा गया।

द सन ने मैगी के हवाले से कहा, 'मैं वहां बदलाव लाने के लिए गई थी, लेकिन हमें प्रदर्शन करने वाले बंदरों की तरह बैठना पड़ा। यह अतीत में अटक गया है। नैतिक रूप से, मैं इसका हिस्सा नहीं बन सकती थी। जहाँ तक मैं देख सकती हूँ, इसमें कोई बदलाव नहीं आया है। दुनिया के सभी मुकुट और सैश आपकी आवाज का उपयोग करने और दुनिया में बदलाव लाने की तुलना में कुछ भी मायने नहीं रखते हैं।'

रविवार को तेलंगाना के मंत्री और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने राज्य की अपनी यात्रा के दौरान मिली मैगी द्वारा सामना किए गए कथित उत्पीड़न की कड़ी निंदा की। राव ने एक्स से बात करते हुए इस घटना पर खेद व्यक्त किया और कहा, 'आप एक बहुत मजबूत महिला हैं, मिली मैगी, और मुझे वास्तव में खेद है कि आपको हमारे तेलंगाना राज्य में इस स्थिति से गुजरना पड़ा। महिलाओं का सम्मान करने की हमारी संस्कृति बहुत समृद्ध है। दुर्भाग्य से, आपने जो अनुभव किया वह वास्तविक तेलंगाना का प्रतिनिधित्व नहीं करता है। मुझे उम्मीद है कि आप जल्द ही बेहतर महसूस करेंगे। एक बच्ची के पिता के रूप में, मैं चाहता हूं कि किसी भी महिला या लड़की को कभी भी ऐसे भयावह अनुभवों से गुजरना न पड़े। साथ ही, मैं पीड़िता को गैसलाइटिंग करने के रवैये की कड़ी निंदा करता हूं और मिस इंग्लैंड मिली मैगी द्वारा लगाए गए आरोपों की गहन जांच की मांग करता हूं।'

### संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली में मूसलाधार बारिश, गर्मी से राहत, लेकिन बढ़ी मुश्किलें

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, नई दिल्ली में 24-25 मई की रात को हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत तो दिलाई, लेकिन उनकी मुश्किलें भी बढ़ा दीं। अचानक हुई बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया, पेड़ उखड़ गए और शहर में हवाई सेवाएं बाधित हो गईं। मौसम में अचानक आए बदलाव से तापमान में भारी गिरावट आई और राष्ट्रीय राजधानी का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.9 डिग्री कम है। इस बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलाई, वहीं यातायात और दैनिक जीवन पर भी इसका व्यापक प्रभाव पड़ा।

### भारत मौसम विज्ञान विभाग का रेड अलर्ट

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें निवासियों को पूरे दिन आंधी, भारी बारिश और तेज हवाओं के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। निवासियों से अनुरोध है कि वे मौसम की इस भविष्यवाणी को ध्यान में रखते हुए अपनी दिनचर्या का पालन करें और आवश्यक सावधानियां बरतें। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र ने देर रात 11 बजकर 30 मिनट से सुबह पांच बजकर 30 मिनट के बीच छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पालम में 68.1 मिलीमीटर, पूसा में 71 मिलीमीटर, मयूर विहार में 48 मिलीमीटर, नरेला में 30 मिलीमीटर और दिल्ली विश्वविद्यालय में 29 मिलीमीटर बारिश हुई।

# राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेशक सम्मेलन में 4.18 लाख करोड़ रुपये के करार की घोषणाः सिंधिया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली में चल रहे राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेशक सम्मेलन 2025 में 4.18 लाख करोड़ रुपये के करार की घोषणा की गई। इस सम्मेलन का उद्घाटन शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इसका उद्देश्य इस क्षेत्र को अवसरों की भूमि के रूप में स्थापित करना, वैश्विक और घरेलू निवेश को आकर्षित करना और प्रमुख हितधारकों, निवेशकों तथा नीति निमार्ताओं को एक मंच पर लाना है। सिंधिया ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया, पहली बार पूर्वोत्तर के सभी आठ राज्यों के लिए एक संयुक्त कार्यक्रम चल रहा है। इसके लिए बेंगलुरु, मुंबई, अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और इंदौर जैसे शहरों में रोड शो आयोजित किए गए। विभिन्न औद्योगिक समूहों के साथ बैठकें की गईं। उन्होंने आगे कहा, इस प्रयास के परिणामस्वरूप, एक विश्व स्तरीय निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान 4.18 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा, प्रत्येक राज्य को 20,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। औद्योगिक समूह के मुखियाओं के साथ, आठ राज्यों के नए उद्यमियों और 50 देशों के राजदूतों ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने कहा कि निवेश प्रोत्साहन के मुख्य फोकस क्षेत्रों में पर्यटन और आतिथ्य, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, हथकरघा और हस्तशिल्प, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

## विराट कोहली, अनुष्का शर्मा ने अयोध्या में राम मंदिर में दर्शन-पूजन किया

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

अयोध्या , टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविवार को भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली अपनी पत्नी एवं अभिनेत्री अनुष्का शर्मा परिवार के साथ अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने हनुमानगढ़ी और भगवान श्री रामलला के दर्शन-पूजन किए। विराट-अनुष्का ने पहले हनुमानगढ़ी जाकर हनुमान जी की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद मांगा। इसके बाद भगवान श्री रामलला का दर्शन किया। हनुमानगढ़ी के महंत संजय दास ने बताया कि दोनों रविवार सुबह हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे और फिर उन्होंने राम मंदिर में दर्शन किए।

## खराब मौसम के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर 49 उड़ानों का मार्ग बदलना पड़ा

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी में रातभर भारी बारिश और आंधी के कारण देश के सबसे बड़े इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर 17 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 49 विमानों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र ने देर रात 11 बजकर 30 मिनट से सुबह पांच बजकर 30 मिनट के बीच छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। इस संबंध में एक सूत्र ने बताया कि खराब मौसम के कारण शनिवार रात साढ़े 11 बजे से रविवार तड़के चार बजे के बीच 17 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों सहित 49 विमानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। विमानन कंपनी इंडिगो ने तड़के तीन बजकर 59 मिनट पर एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली में प्रतिकूल मौसम की वजह से विमान संचालन में अस्थायी बाधाएं पैदा हुई हैं। इसने कहा कि मौसम धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है लेकिन हवाई क्षेत्र में कुछ अवरोध बना हुआ है। इंडिगो ने कहा, हम आपको आश्वस्त करते हैं कि परिस्थितियां अनुकूल होने के साथ ही उड़ानों की आवाजाही फिर से शुरू की जाएगी।

# लालू यादव का सख्त फैसला, बेटे तेज प्रताप को पार्टी से निकाला

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, तेज प्रताप यादव ने शनिवार को अनुष्का यादव नाम की लड़की से अपने रिश्ते का खुलासा किया था, और इस घोषणा के ठीक एक दिन बाद, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) संरक्षक और उनके पिता लालू प्रसाद यादव ने रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। लालू यादव ने खुद इस निर्णय की घोषणा की। अब इस पूरे घटनाक्रम पर लालू के छोटे बेटे और राजद के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है, जिससे यह पारिवारिक और राजनीतिक विवाद और गहराता दिख रहा है।

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'हम ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं कर सकते। हम बिहार की जनता के लिए काम कर रहे हैं और समर्पित हैं। रही बात मेरे बड़े भाई की तो राजनीतिक जीवन और निजी जीवन अलग-अलग हैं। उन्हें अपने निजी फैसले लेने का अधिकार है। वह वयस्क हैं और फैसले लेने के लिए स्वतंत्र हैं। हमारी पार्टी के प्रमुख ने यह स्पष्ट कर दिया है और जब से उन्होंने ऐसा कहा है, यह उनकी भावना है। हमने ऐसी चीजों पर सवाल नहीं उठाया, वह अपने निजी जीवन में क्या कर रहे हैं, कोई भी कुछ करने से पहले नहीं पूछता। मुझे मीडिया के जरिए ही इस बारे में पता चला है।'

### तेज प्रताप ने अनुष्का यादव के साथ रिश्ते में होने का खुलासा किया था

तेज प्रताप यादव ने शनिवार को एक लड़की के साथ फेसबुक पर एक तस्वीर साझा कर दावा किया था कि वह पिछले 12 सालों से उसके साथ रिश्ते में हैं, और काफी समय से वह यह बात सार्वजनिक करना चाहते थे। हालांकि, उन्होंने जल्द ही उस पोस्ट को हटा दिया। कुछ देर बाद, उन्होंने उसी कैप्शन के साथ दोबारा तस्वीर साझा की और अपने रिश्ते में होने की बात दोहराई।

# बहराइच में नर तेंदुआ मृत पाया गया, दूसरे जानवर से संघर्ष के कारण मौत का अंदेशा

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, बहराइच जिले में कतर्नियाघाट वन अभयारण्य में भारत-नेपाल सीमा के निकट एक नर तेंदुआ मृत पाया गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि अंदेशा है कि संभवतः बाघ अथवा किसी बड़े जानवर के साथ संघर्ष के कारण तेंदुए की मौत हुई होगी। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने संवाददाताओं को बताया कि शनिवार को वनकर्मी भारत-नेपाल सीमावर्ती जंगल में गश्त पर थे तभी कतर्नियाघाट वन अभयारण्य के कतर्निया रेंज की कौड़ियाला बीट में तेंदुआ मृत मिला। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर आरंभिक जांच के बाद मृत तेंदुए को कब्जे में लिया और उसे रेंज कार्यालय लाया गया। डीएफओ ने बताया कि तीन पशु चिकित्सकों ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया तथा बाद में उसका अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि मृत तेंदुए का विसरा संरक्षित कर उसे विस्तृत जांच हेतु आईवीआरआई बरेली भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृत तेंदुए की उम्र करीब आठ वर्ष थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में श्वास में नली पंचर होने के कारण मौत की बात सामने आई है। शिवशंकर ने बताया कि घटनास्थल के निरीक्षण व आरंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी बाघ अथवा बड़े जानवर से संघर्ष के कारण तेंदुए की मौत हुई है। तेंदुए का कोई अंग गायब नहीं था। इससे पहले गत सोमवार को डीएफओ बी. शिवशंकर ने पीटीआई-भाषा से कहा था कि कतर्नियाघाट वन प्रभाग करीब 550 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। जंगल में एक बाघ करीब 25 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को अपना प्रभाव क्षेत्र मानता है और तेंदुओं को वहां से खदेड़ता रहता है। वर्ष 2025 की शुरूआत से अब तक कतर्नियाघाट वन प्रभाग के अलग-अलग क्षेत्रों में चार तेंदुए, एक बाघ और एक हाथी मृत मिल चुके हैं। शनिवार को तेंदुए की मौत की पांचवीं घटना सामने आई है। इससे पूर्व 2024 में भी यहां चार तेंदुए और एक बाघ मृत मिले थे। अनुमान के मुताबिक मौजूदा समय में कतर्नियाघाट के जंगलों में लगभग 100 तेंदुए और 70-80 बाघ हैं। जंगल के बाहर उससे सटे ग्रामीण इलाकों में भी करीब 150 तेंदुए मौजूद हो सकते हैं।

# अवैध संबंधों के चलते पति पत्नी ने किया था अर्पित यादव की हत्या

## सरोजनीनगर पुलिस ने किया हत्या का खुलासा,पति-पत्नी को गिरफ्तार करके भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों अर्पित यादव (22) की हत्या उसकी प्रेमिका ने अपने पति के साथ मिलकर की थी। इसका खुलासा सरोजनीनगर पुलिस ने दोनों को पकड़ने के बाद उनसे पूछताछ कर किया है। इसको लेकर रविवार को एडीसीपी दक्षिणी अमित कुमावत ने सरोजनीनगर थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है गौरतलब है कि सरोजनीनगर के चिल्लावां निवासी युवक अर्पित यादव बीते मंगलवार रात अपने घर से करीब 500 मीटर दूर तपोवन नगर स्थित प्लाट के सामने पड़ोसी रिक्शा चालक छोटू उर्फ राजकुमार मौर्य के घर में अचेत हालत में पड़ा मिला था। बाद में परिजन लोक बंधु अस्पताल ले गए तो उसकी मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बड़े भाई मुलायम सिंह यादव ने छोटू उर्फ राजकुमार और उसकी पत्नी सुमन मौर्य के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने राजकुमार और सुमन को हिरासत में ले लिया था। जहां पूछताछ में सुमन पुलिस को लगातार गुमराह करती रही। उसने पुलिस को बताया था कि 2 साल से उसका मृतक अर्पित के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्पित उसे आए दिन भाग चलने की बात करता था। मंगलवार को भी जब घर पहुंचा तो उसने सुमन से भाग चलने की बात कही। लेकिन सुमन ने भाग जाने से मना कर दिया। तब अर्पित ने कमरे के अंदर फांसी लगा ली। उसे फांसी पर लटकते देख सुमन भी बेहोश हो गई थी। रविवार को सरोजनीनगर थाने पर प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एडीसीपी अमित कुमावत ने बताया कि महिला सुमन लगातार पुलिस को गुमराह कर रही थी। लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी जैसा कुछ ना आने के बाद पुलिस को उसके ऊपर संदेह हुआ। तब पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। जहां पूछताछ में सुमन ने बताया कि उसके और अर्पित के बीच चल रहे प्रेम प्रसंग की जानकारी करीब 3 माह पहले उसके पति को हो गई थी। इसके बाद छोटू उर्फ राजकुमार ने सुमन को काफी समझा बुझा कर अर्पित से दूर होने का दबाव बनाया। काफी दबाव पड़ने पर सुमन पति की बातों में आकर अर्पित से दूर होने को तैयार हो गई। लेकिन इसके बावजूद अर्पित अपने प्लाट पर जाता तो वह सुमन के घर जरूर पहुँच जाता। इससे सुमन परेशान होने लगी। वहीं इसी बीच छोटू ने भी अर्पित को एक दिन घर के अंदर देख लिया। इसके बाद पति-पत्नी ने परेशान होकर अर्पित की हत्या करने की योजना बनाई। सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि इसी योजना के तहत 20 मई को छोटू उर्फ राजकुमार अपना ई रिक्शा लेकर चलाने नहीं गया। उसने सुमन से अर्पित को फोन कर घर बुलवाया और छोटू एक कमरे में छुपा रहा। जबकि सुमन ने रोज की तरह पानी पिलाने वाली बोतल में नशीली टैबलेट मिलाकर रख दी। जब अर्पित उनके घर पहुंचा तो सुमन ने उसको पानी पीने के लिए वही बोतल पकड़ा दी। जैसे ही अर्पित ने बोतल से पानी पिया तो कुछ देर बाद वह अचेत हो गया। तब छोटू और सुमन मिलकर तकिया से काफी देर तक उसका मुंह दबाए रहे। जब उन्हें उसकी मौत हो जाने का इत्मिनान हो गया, तब उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की मनगढ़ंत कहानी रच डाली। दोनों ने मिलकर अर्पित के गले में दुपट्टा बांधकर उसे पंखे के हुक से लटकाने की कोशिश की, लेकिन उसे लटका नहीं पाए। बाद में दुपट्टे को बीच से काट कर उसका एक सिरा पंखे के हुक में बांध दिया। जिससे कि आत्महत्या लग सके। इसके बाद आसपास लोगों को इसकी सूचना दी। तब उसके परिजनों को घटना की जानकारी हुई। फिलहाल पुलिस ने छोटू उर्फ राजकुमार और उसकी पत्नी सुमन को अर्पित की हत्या के मामले में गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि छोटू मौर्य ने एक दिन अपनी पत्नी सुमन के मोबाइल पर अर्पित से होने वाली व्हाट्सएप चैटिंग देख ली थी। इसके बाद ही उसको दोनों के बीच प्रेम प्रसंग होने की भनक लग गई थी। तब उसने इस मामले को लेकर अपनी पत्नी को डांट फटकार भी लगाई थी।

आरोपी छोटू मौर्य उर्फ राजकुमार और उसकी पत्नी सुमन मूल रूप से अमेठी जिले के गौरीगंज थाना अंतर्गत बाबूजी का पुरवा के रहने वाले हैं। यह बीते 15 वर्षों से यहां तपोवन नगर में मकान बनाकर रह रहे हैं। इसी मकान में छोटू का भाई भी अपनी पत्नी के साथ अलग रहता है। जबकि छोटू का 10 वर्षीय बेटा अमेठी स्थित अपने घर में दादा दादी के साथ पहले से ही रह रहा है और 14 वर्षीय बड़ा बेटा चिल्लावां बाजार के पास एक गैराज में काम करता है। लेकिन छोटू और सुमन के पकड़े जाने के बाद अब वह अपने चाचा के पास रह रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज।थाना क्षेत्र के कासिमपुर बिरहा चौराहे पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 वर्षीय पीयूष उर्फ बाबू साहू की मौत हो गई। मृतक ग्राम बखारी, थाना बीबीडी, लखनऊ का निवासी था और प्राइवेट सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था। डायल 112 के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पता चला कि पीयूष सड़क पार कर रहा था, तभी एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है।थाना अध्यक्ष गोसाईगंज ने बताया कि हादसे के बाद यातायात सुचारु रूप से चल रहा है। अज्ञात वाहन की तलाश जारी है, और मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की मांग की है।

# बिजली का निजीकरण स्वीकार नहीं इससे आरक्षण की व्यवस्था पर कुठाराघात



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : पावर आफिसर एसोसिएशन ने कहा है कि संवैधानिक आरक्षण की व्यवस्था पर कुठाराघात करने के लिए प्रदेश में बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। निजीकरण किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, करो या मरो की तर्ज पर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जाएगी। रविवार को एसोसिएशन की केंद्रीय कोर कमेटी की बैठक में कहा गया कि बाबा साहेब द्वारा की गई आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था का अपमान प्रदेश के दलित व पिछड़े वर्ग के अभियंता बर्दाश्त नहीं करेंगे। पावर कारपोरेशन का निदेशक मंडल इसके लिए माफी मांगे। निजीकरण से दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में आरक्षण के करीब 16 हजार पद समाप्त होंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष आरपी केन, कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर तथा महासचिव अनिल कुमार ने बिजली कर्मियों के हड़ताल पर जाने की स्थिति में सीधे बर्खास्त किए जाने के पावर कारपोरेशन प्रबंधन के निर्णय का विरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा है कि अब तक किसी संगठन ने हड़ताल की नोटिस नहीं दिया है इसके बावजूद प्रबंधन ने यह आदेश जारी कर संविधान का उल्लंघन किया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 311 (2) में स्पष्ट है कि किसी भी सरकारी कार्मिक को बर्खास्त किए जाने से पहले उसे पूरा अवसर दिया जाएगा।

# एनएचएम और पीएसआई इंडिया के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

## टीम बिल्डिंग व स्ट्रेस मैनेजमेंट में खेल की अहम भूमिका

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रेलवे स्टेडियम चारबाग में नेशनल हेल्थ मिशन की एसपीएमयू एवं पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इंडिया) के बीच शनिवार को एकदिवसीय डे-नाईट मैत्री टी 20 क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य एक मैत्री पूर्ण वातावरण में टीम बिल्डिंग एवं स्ट्रेस मैनेजमेंट को बढ़ावा देना था। मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉस जीतकर पीएसआई इंडिया की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए एसपीएमयू की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में पाँच विकेट खोकर 118 रन बनाये। गौरव ने 39, सुमित ने 23 एवं अरुण ने 17 रन का योगदान दिया।

पीएसआई इंडिया की तरफ से आदित्य ने दो और दीपक व अमित ने एक-एक विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी पीएसआई इंडिया की टीम ने 18वें ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। हालांकि लक्ष्य बहुत बड़ा नहीं था लेकिन एसपीएमयू की टीम की शानदार गेंदबाजी के सामने यह लक्ष्य एक समय काफी बड़ा लगने लगा था। पीएसआई इंडिया की तरफ से कप्तान अमित ने नाबाद 40, श्याम ने 33 एवं अनिल ने नाबाद 12 रन बनाये। एसपीएमयू की तरफ से सतीश ने दो, टीम के कप्तान डॉ. अम्बुज श्रीवास्तव एवं राकेश वर्मा ने एक-एक विकेट लिया। विजेता टीम के कप्तान अमित कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच, सतीश को बेस्ट बॉलर एवं गौरव सहगल को बेस्ट बैट्समैन घोषित किया गया। दोनों ही टीमों की तरफ से बड़ी संख्या में सदस्यों ने मैच का आनंद लिया। इस अवसर पर एसपीएमयू की तरफ से डॉ. अबू तलहा, डॉ. सूर्यांशु ओझा एवं विभिन्न सेक्शन के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पीएसआई इंडिया के अनिल द्विवेदी ने किया। मैच के बाद अपने संदेश में डॉ. अम्बुज ने कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में भी किए जाते रहेंगे, जिससे खेल की तरफ लोगों का रुझान बढ़ सके।

# उर्वरक की काला बाजारी पर दुकान का लाइसेंस हुआ निलंबित, स्टॉक की गड़बड़ी... दुकानदार को नोटिस जारी

अमन लेखनी समाचार


दुकान की जांच करते – जिला कृषि अधिकारी व अन्य

लखनऊ में बख्शी का तालाब क्षेत्र में उर्वरक की कालाबाजारी कर स्टॉक में हेरफेर करने वाली एक दुकान का कृषि विभाग ने लाइसेंस निलंबित कर दिया है। विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। एक अन्य दुकान के भी स्टॉक में गड़बड़ी मिली, उसको नोटिस जारी किया गया है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर शनिवार शाम बीकेटी इलाके की तीन दुकानों पर चेकिंग की गई थी। जय मां चंद्रिका खाद भंडार की जांच में सामने आया कि पीओएस (पॉइंट ऑफ सेल) मशीन में स्टॉक उपलब्ध दिखा रही थी, जबकि मौके पर स्टॉक नहीं था। दरअसल दुकानदार ने उर्वरक की कालाबाजारी की। इसलिए, रविवार को उसका लाइसेंस निलंबित कर कर दिया गया है। स्टॉक के लिखा-पढ़ी में गड़बड़ी पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा. जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि मामले में विभागीय जांच कराई जा रही है। साक्ष्य जुटाने के बाद केस दर्ज कराया जाएगा। विष्णु खाद भंडार में उर्वरक के रखरखाव व स्टॉक के लिखा-पढ़ी में गड़बड़ी मिली है। दुकानदार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जब तक गड़बड़ी ठीक नहीं हो जाती तब तक बिक्री पर रोक लगाई गई है। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी कृषि हर्षित त्रिपाठी, बीकेटी एडीओ एजी मौजूद रहे।

# लखनऊ: भारतीय किसान यूनियन की बैठक में नए पदाधिकारियों का स्वागत, हरिद्वार चिंतन शिविर की तैयारी

अमन लेखनी समाचार



गोसाईगंज। भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) के रहमत नगर, गोसाईगंज, लखनऊ स्थित कार्यालय में रविवार को एक महत्वपूर्ण किसान बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में हाल ही में नियुक्त युवा जिला पदाधिकारियों–अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, महामंत्री लायक राम यादव, उपाध्यक्ष आकाश जायसवाल, और सचिव राजकुमार वर्मा का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर किसानों की समस्याओं, संगठन विस्तार और आगामी योजनाओं पर गहन चर्चा हुई।मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी 10, 11 और 12 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भारी संख्या में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। मंडल महामंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम मिलन यादव, मंडल सलाहकार श्रीकांत वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष आशीष कुमार यादव, मंडल सचिव मनोज यादव, रामचंद्र वर्मा, संगठन मंत्री रवींद्र यादव, जिला सचिव लाल बहादुर, श्री केशन, युवा प्रचार मंत्री छोटू, महिला जिला अध्यक्ष नबीहुन खान, प्रभारी प्रेमावती, संगठन मंत्री कृष्णावती, तहसील अध्यक्ष मोहनलालगंज राकेश कुमार मौर्य, उपाध्यक्ष रामविलास, सचिव राम सुफल रावत, राजेश कुमार, ब्लॉक प्रभारी मेवा लाल, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील साहू, और किसान नेता मुन्ना, मदन, रामप्रताप, रवी कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में न्यूनतम समर्थन मूल्य, बिजली, पानी, और ऋण माफी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा हुई। संगठन ने किसानों के हितों के लिए एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। हरिद्वार शिविर को लेकर उत्साह देखा गया, और संगठन विस्तार के लिए ठोस रणनीति बनाई गई।

# जनसेवा का संकल्प, समाधान की पहल, शकूरपुर में लगा 121 वां जन संवाद शिविर

## सिर्फ वादे नहीं, समाधान की गारंटी - विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के प्रयासों से गाँव-गाँव हो रहा विकास

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के जनसेवा संकल्प और जन संवाद अभियान के तहत प्रत्येक सप्ताह आपका विधायक - आपके द्वार जन सुनवाई शिविर का आयोजन किया जाता है। रविवार को जनसंवाद शिविर का 121वां संस्करण ग्राम पंचायत शकूरपुर में आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान की दिशा में त्वरित कार्यवाही की गई। हैंडपंप, सोलर लाइट, दिव्यांगजन पेंशन, ट्राई साइकिल जैसी करीब 35 आवश्यकताओं से सम्बंधित आवेदन प्राप्त हुए। संभावित विषयों का त्वरित समाधान और शेष के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

### मेधावी छात्र–छात्राओं का हुआ सम्मान –

शकूरपुर के होनहार विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'गाँव की शान' पहल के तहत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों कृष्ण गौतम (82.4) % एवं दिव्यम सिंह (81.4%) एवं हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों सौम्या त्रिपाठी (83%) और गौरी कनौजिया (71%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।




### गणमान्य लोगों का सम्मान, सभी को भोजन –

शिविर में उपस्थित वार्ड अध्यक्ष सौरभ अवस्थी, सेक्टर संयोजक आर.पी. सैनी, बूथ अध्यक्ष सतेन्द्र शर्मा एवं संगीत देवी, अमर सिंह, सुमिता रानी, भावना सिंह तथा आशीष तिवारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी मोनी सिंह, दीपमाला, आनंद शुक्ला, उदय प्रताप, श्रीकांत तिवारी एवं सरदार रंजीत सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। शिविर में भाग लेने आए सभी क्षेत्रवासियों के लिए 'ताराशक्ति निःशुल्क रसोई' के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की गई।

### विकास और जनसेवा की दिशा में आगे बढ़ता सरोजनीनगर –

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का कहना है कि यह जनसंवाद शिविर जनता की समस्याओं को सीधे समझने और उनके समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे शिविरों का आयोजन आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे विकास और जनकल्याण के कार्यों को और गति दी जा सके।

# फर्जी प्लॉट दिखा कर 254 ग्राहकों से ठग लिये करोड़ों रुपए

**गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में दर्ज हुआ ठग पर मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के नई जेल रोड पर किसी दूसरे का प्लॉट दिखा कर 254 ग्राहकों को ठगी का शिकार बना लिया और उनसे 1 करोड़ 39 लाख 76 हजार 4 सौ रुपए हड़प लिए। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर कोतवाली गोमती नगर विस्तार में शातिर जालसाज पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। गोमतीनगर विस्तार निवासी शोएब अहमद से जनपद अयोध्या की ग्राम सभा माझा बरेठा के धर्मू का पुरवा निवासी जालसाज राजदेव यादव से 2016 में परिचय हुआ था। राजदेव यादव ने शोएब अहमद को लखनऊ में चल रही अपनी प्रापर्टी कम्पनी में 10 प्रतिशत रिटर्न देने की बात कह कर राजधानी इन्फ्रा हाउसिंग प्राइवेट लिमटेड और राजधानी होम्स प्राइवेट लिमटेड में 20 लाख रुपए का इन्वेस्टमेन्ट कराया। जब कंपनी में इन्वेस्टमेन्ट का रिटर्न काफी दिनों तक शोएब अहमद को नहीं मिला तो उन्होंने राजदेव यादव से 10 प्रतिशत लाभ और अपनी रकम के पैसे वापस मांगे तो राजदेव यादव ने शोएब अहमद को झांसे में लेते हुए कहा कि मेरे सारे पार्टनर अलग हो गये है, मैं अकेले काम नहीं कर पा रहा हूँ। आप चाहो तो मेरा सहयोग करो इससे आपका पैसा भी निकल आयेगा और हम लोग कम्पनी भी चला लेंगे। तब शोएब अहमद ने मार्केटिंग के माध्यम से अपने जानने वाले 254 ग्राहकों से राजदेव यादव की कम्पनी में नई जेल रोड पर प्लाट लेने के लिये नगद व आरटीजीएस के माध्यम से कुल 1 करोड़ 39 लाख 76 हजार 4 सौ रुपए जमा कराये गये थे। लेकिन बाद में जब पता चला बिना जमीन होते हुए राजदेव यादव ग्राहकों को ठग रहा था है तो शोएब अहमद द्वारा दवाब बना कर 86 लाख 25 हजार 74 रुपया ग्राहकों को वापस कराया गया। शेष बचे 84 लाख 51 हजार 3 सौ 26 रुपए कई बार कहने के बावजूद वापस नहीं किये गये। निरन्तर रुपए की मांग किये जाने पर राजदेव टालमटोल करता रहा और व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपने 20 लाख रुपए व अन्य ग्राहकों द्वारा इन्वेस्ट किये गये रुपए वापस मांगे तो वह अभद्रता करते हुए गाली गलौज करने लगा और धमकी दिया किया कि वह चुपचाप अपने रुपए भूल जाये नहीं तो उसी के रुपए में से कुछ रुपए खर्च कर जान से मरवा देगा। राजदेव की नीयत जानकर शोएब अहमद ने राजदेव यादव पर कोतवाली गोमती नगर विस्तार में मुकदमा दर्ज कराया है। गोमती नगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि राजदेव यादव पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### – ठग की अवैध प्लॉटिंग पर एलडीए ने किया ध्वस्तीकरण

राजधानी में अपना घर बनाने का सपने देख रहे भोले भाले ग्राहकों को प्लॉट के नाम पर ठग कर उनकी गाढ़ी कमाई लूट रहे इस शातिर जालसाज राजदेव यादव ने गोसाईगंज क्षेत्र के मलौली गांव में 15 बीघे में गोल्डन राइज कंपनी बना कर लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा बिना नक्शा स्वीकृत कराए अवैध प्लॉटिंग कर डाली जिस पर एलडीए ने कई बार ध्वस्तीकरण की कार्यवाहीं भी करी है।

### – सपने दिखा कर बंद कराया पुराना काम

शोएब अहमद पिछले 22 वर्ष से रेडिमेड गारमेंट मैनुफैक्चरिंग के कार्य से जुड़े थे। राजदेव यादव के कहने पर जमीन के कारोबार ने अच्छा लाभ दिलाने के आश्वाशन पर सब काम बंद करके इस धंधे पर उतर गए थे।

### – ये भी हुए ठगी के शिकार

प्लॉट देने के नाम जिला उद्योग अधिकारी सीतापुर निवासी आर पी तिवारी से 3 लाख रुपए और सुल्तानपुर निवासी राम देवी से 8 लाख ठग लिए।

### – शराब कारोबारी बनकर थी ठगी की तैयारी

राजदेव यादव इतना शातिर था कि गोल्डन हैरियर स्प्रिट इंडिया प्राइवेट लिमटेड नाम की कंपनी बना कर शराब के कारोबार में भी 25 प्रतिशत का साझेदार बना कर शोएब अहमद को झांसे मे लिया था।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 122वें मन की बात कार्यक्रम को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ।सरोजनीनगर में रविवार को सैनिक नगर स्थित बूथ संख्या -434 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 122वें मन की बात कार्यक्रम को सुना गया।इसके मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री व पूर्व राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी रहे। कार्यक्रम समापन के बाद वीरेंद्र तिवारी ने भाजपा कार्यकताओं से सामायिक विषयों पर संवाद करते हुए ज्वलंत मुद्दों पर कार्यकताओं की राय जानी। साथ ही किस तरह से विभिन्न वैश्विक और राष्ट्रीय घटनाओं पर विपक्ष द्वारा किए जा रहे दुषप्रचार का कार्यकताओं द्वारा सामना किया जाना चाहिए और वस्तु स्थिति से आम जनता को अवगत कराकर सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताना चाहिए, इसके बारे में विस्तार से चर्चा की। वीरेंद्र तिवारी ने इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत की सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय व आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस के बारे में चर्चा करते हुए सीज फायर के औचित्य पर भी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने अग्निवीर जैसी योजनाओं पर कार्यकताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषजनक मार्गदर्शन करके उन्हें संतुष्ट किया। साथ ही वीरेंद्र तिवारी ने पिछली सरकारों के समय हुई आतंकवादी घटनाओं पर निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवाद का नाश करने को बड़ी उपलब्धि बताई। उन्होंने कहा कि भारत ने स्पष्ट रूप से बता दिया है कि वह पाकिस्तान में किसी भी जगह और किसी भी समय अपनी सैनिक कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा की गई कार्रवाई में किसी आम नागरिक की मृत्यु नहीं हुई, केवल आतंकवादियों को ही जहन्नुम पहुंचाया गया। इस मौके पर वीरेंद्र तिवारी ने मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों पर भी कार्यकताओं के सामने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा के महानगर चुनाव प्रबंधन संयोजक उमेश तिवारी, सैनिक नगर सोसायटी अध्यक्ष गजेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष अंकुर आनंद, नेहा सिंह राठौर, दीपक अग्रवाल और सैनिक नगर सोसाइटी के कई पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### 105 गौ आश्रय केंद्रों का किया गया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जनपद की 105 गौ आश्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम ने गौशालाओं में शेड, पशुओं की संख्या, चारा-पानी की व्यवस्था, बिजली, हरा चारा, गर्मी से बचाव के इंतजाम और केयर टेकर की तैनाती जैसे बिंदुओं की जांच की। निरीक्षण में 90 गौशालाएं मानकों के अनुरूप मिलीं। लेकिन लहरुतरी नई, शीशी और बनीगांव स्थित गौशालाओं में गंभीर कमियां पाई गईं। लहरुतरी की जांच जिला कमांडेंट होमगार्ड ने की। बनीगांव की जांच उपजिलाधिकारी पुरवा ने की।कमियों के लिए तीन सचिवों को जिम्मेदार पाया गया। लहरुतरी के अजय कुमार, शीशी के अनिल कुमार शर्मा और बनीगांव के दीपक भारती को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। संबंधित ग्राम प्रधानों के खिलाफ पंचायत राज अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। डीएम ने समीक्षा बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में चारागाह के लिए 600 बीघा भूमि चिह्नित की गई है। इस पर जल्द हरे चारे की बुवाई होगी। सभी गौशालाओं के लिए भूसे का टेंडर हो चुका है। डीएम ने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

### दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर ए सीएमओ की कार्यवाही

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। राज्यपाल द्वारा भ्रूण हत्या के मामलों पर कठोर कार्रवाई की अपील के बाद प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। ज़िलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को बीघापुर तहसील के दो अल्ट्रासाउंड केंद्रों की आकस्मिक जांच की। अनियमितता मिलने पर दोनों केंद्रों की मशीनें सील कर दी गईं और संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया।गत 15 मई को निराला प्रेक्षागृह में आयोजित एक सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा था कि भ्रूण का लिंग बताने और अवैध गर्भ समापन में शामिल जांच केंद्रों व चिकित्सकों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जानी चाहिए। इस निर्देश के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए जिले के विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जांच शुरू कर दी।बुधवार को सीएमओ डा. एच.एन. प्रसाद के निर्देश पर एसीएमओ डा. नरेंद्र सिंह ने बीघापुर क्षेत्र के ऊंचगांव स्थित 'आदर्श अल्ट्रासाउंड सेंटर' और पाटन स्थित 'जोयल डायग्नोस्टिक सेंटर' का निरीक्षण किया। जांच के दौरान दोनों ही केंद्रों पर डॉक्टर मौजूद नहीं मिले। नियमानुसार डॉक्टर की उपस्थिति अनिवार्य होने के कारण दोनों केंद्रों को बंद करा दिया गया और अल्ट्रासाउंड मशीनों को सील कर दिया गया।

## अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कस्बा के एक रिसॉर्ट में रविवार दोपहर पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के तहत पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह और विधायक श्रीकांत कटियार ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। विधायक ने मुख्य अतिथि विजय प्रताप सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दिया। उनके द्वारा देशभर में मंदिर, धर्मशालाएं और घाटों का निर्माण कराया गया। क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने बताया कि अहिल्याबाई ने पशुपतिनाथ, रामेश्वर, महाकाल, काशी विश्वनाथ और सोमनाथ समेत कई मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। माहिष्मति की साड़ियां और नर्मदा घाट आज भी उनके शासन की गवाही देते हैं।कार्यक्रम से पहले सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुनलाल दिवाकर, फतेहपुर चौरासी ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद, बांगरमऊ चेयरमैन रामजी गुप्ता समेत भाजपा के कई पदाधिकारी, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## बीमारी से परेशान दिव्यांग महिला ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। क्षेत्र के अजमा खेड़ा गांव में बीमारी से परेशान होकर दिव्यांग महिला ने फांसी लगा ली, बरामदे में शव रस्सी के फंदे से लटकता देख पति दंग रह गया, महिला एक वर्ष से बीमार चल रही थी जिसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा था।क्षेत्र के अजमा खेड़ा गांव निवासी दिव्यांग निर्मला 36 वर्ष पत्नी नन्हकू लोधी बीमारी से परेशान होकर महिला ने फांसी लगा ली, पति नन्हकू बरामदे में शव लटकता देख दंग रह गया, पति नन्हकू ने बताया कि शादी के 20 वर्ष हो गए हैं एक बेटा 14 वर्ष सनी है, पत्नी एक साल से बुखार सहित अन्य कई बीमारी से परेशान चल रही थी, जिसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल से चल रहा था, जिससे पत्नी काफी परेशान रह रही थी,मृतका का माइका बिछिया गांव कुरेहड़ी गांव का है मृतका की सास मालती सहित ससुर मुरली सहित परिजन रो रो कर बेहाल हो गए,क्राइम इंस्पेक्टर रामबचन भारती ने बताया कि परिजनो ने किसी प्रकार का कोई आरोप नही लगाया है, जांच की जा रही है।

## एसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर स्वाट टीम को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में लूट और हत्या जैसी गंभीर वारदातों का सफल अनावरण करने वाली स्वाट टीम को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। हाल ही में स्वाट टीम ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक जटिल लूट व हत्या के मामले को सुलझाया था, जिससे अपराधियों की गिरफ्तारी संभव हो सकी और क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण स्थापित हुआ। एसपी दीपक भूकर ने टीम के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस का यह कर्तव्य है कि वह आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाए और स्वाट टीम ने इस दिशा में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी और कर्मचारी पूरे विभाग के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं।



सम्मान समारोह के दौरान एसपी ने टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया और भविष्य में भी इसी तरह कर्मठता व निष्ठा के साथ कार्य करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने टीम की उपलब्धियों की सराहना की। स्वाट टीम की इस सफलता से न केवल पुलिस विभाग का मनोबल बढ़ा है, बल्कि आम जनता में भी सुरक्षा को लेकर विश्वास मजबूत हुआ है।

## प्रतिबंध के बावजूद किसान खुलेआम जला रहे फसल का अवशेष

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सदर तहसील क्षेत्र के परियर में किसान खुलेआम फसल अवशेष जला रहे हैं। शासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध और जागरूकता अभियान का कोई असर नहीं दिख रहा है। क्षेत्र के दर्जनों किसानों ने हाल ही में कई बीघा खेतों में फसल अवशेष जलाए हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। वायु गुणवत्ता में गिरावट आई है। परियर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में किसान कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों को जलाते हैं। प्रशासन की ढिलाई के कारण किसान नियमों की अवहेलना कर रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, फसल अवशेष जलाने से वातावरण में धुआं और हानिकारक गैसें फैलती हैं। इससे सांस की बीमारियां बढ़ सकती हैं। मिट्टी की उर्वरता भी कम होती है।स्थानीय ग्रामीण सिद्धार्थ, महेश और मुकेश का कहना है कि प्रशासन की निष्क्रियता से किसान बेधड़क अवशेष जला रहे हैं।



न तो निगरानी होती है और न ही कार्रवाई। एसडीएम ने मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि दोषी किसानों पर कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में सतर्कता बढ़ाई जाएगी और किसानों को जागरूक किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री मास्टर ट्रेनर्स कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। गन्ना विकास परिषद घाटमपुर के जनपद उन्नाव की न्याय पंचायत अहरौरा में लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ द्वारा चीनी मिल हैदरगढ़ के सहयोग से मुख्यमंत्री मास्टर ट्रेनर्स कृषक प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। गन्ना किसान संस्थान लखनऊ से आए अरुण कुमार ने कहा कि किसान अपनी मिट्टी की जांच जरुर कराएं, रिपोर्ट के अनुसार संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करें। सामान्यतः 180 कि ग्रा नाइट्रोजन, 80 कि ग्रा फास्फोरस और 60 कि ग्रा पोटाश के साथ 30 कि ग्रा सल्फर एवं 25 कि ग्रा जिंक का प्रति हेक्टेयर में अवश्य प्रयोग करें। बीज वाले गन्ने की 15 दिन पहले हल्की सिंचाई करके 5 कि ग्रा यूरिया प्रति बीघा के प्रयोग से जमाव 10 से 15 प्रतिशत बढ़ जाता है। गन्ना प्रजातियों को 0118, 15023, को लख 14201, 16202, तथा को शा 14234, 18231, 19231 और 17451 की बुवाई करें। जमीन को 1 कि ग्रा प्रति बीघा ट्राईकोडर्मा से उपचारित करके ही गन्ना बोएं। पोटाश का प्रयोग जरुर करें। जमीन के नीचे वाले कीड़ों के नियंत्रण के लिए 2 कि ग्रा बेवेरिया बेसियाना प्रति एकड़ की दर से 50 कि ग्रा सड़ी गोबर की खाद में मिलाकर प्रयोग करें। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अखिलेश पाल ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि गन्ना पर्ची उपलब्धता एवं गन्ना मूल्य भुगतान समय से कराया जाएगा। चीनी मिल हैदरगढ़ के जोनल इंचार्ज जीत बहादुर ने कहा कि चीनी मिल समय से आपका गन्ना मूल्य भुगतान कर रही है अतः गन्ना क्षेत्रफल को बढ़ाएं। उन्होंने किसानों से कहा कि आप मिट्टी का सैंपल इकट्ठा कर लें हम चीनी मिल से मृदा परीक्षण करा देंगे। मास्टर ट्रेनर ज्ञानेंद्र सिंह ने ट्रेंच विधि एवं रिंग पिट विधि से गन्ना बुवाई की जानकारी दी। गोष्ठी में गोपाल सिंह, अखंड प्रताप सिंह, भुवन सिंह, आलोक सिंह, सत्यनाम सिंह, वी बी सिंह, ओशो सिंह, धर्मेंद्र वर्मा, गोपाल द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर कंटेनर में घुसी तेज रफ्तार कार, तीन की मौत, एक महिला घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। किलोमीटर संख्या 229 पर तेज रफ्तार कार पीछे से एक कंटेनर में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोगों में से तीन की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल हैं। एक महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल महिला गाजियाबाद के कवि नगर की रहने वाली है। सभी कार सवार लखनऊ से गाजियाबाद जा रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही यूपीडा और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। मरने वालों की पहचान विनय पाठक पुत्र स्व पशुपतिनाथ पाठक उम्र 48,निवासी ग्राम अम्बा थाना जादवपुर जिला गोपालगंज बिहार,उमेश सिंह पुत्र अज्ञात उम्र 45 वर्ष ,सीमा उपाध्याय पत्नी स्व अजित उपाध्याय निवासी थाना बरहज जिला देवरिया के रूप में हुई है।वही उनकी बेटी आरुषि उपाध्याय का इलाज कानपुर हायर सेंटर में चल रहा है.जहां हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## सेवानिवृत्त सचिव पर लाखों रुपये के गबन का आरोप, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार में पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद बी पैक्स धमनीखेडा के मिनी बैंक का कार्य देख रहे सेवानिवृत्त सचिव पर फर्जी हस्ताक्षर कर लाखो रुपये का गबन करने का मुकदमा अपर जिला सहकारी अधिकारी ने दर्ज कराया है।

सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता जनपद उन्नाव ने अपने कार्यालय पत्रांकः 802/सह/अधि-जाँच/2024-25 दिनांक 15.10.2024 द्वारा उपमहाप्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि, उन्नाव एवं सहायक विकास अधिकारी (सह) विखण्ड बीघापुर के साथ तीन सदस्यीय जाँच कमेटी गठित करते हुये बी पैक्स धमनीखेड़ा विखण्ड बीघापुर के मिनी बैंक (सहकारी निक्षेप केन्द्र) की जांच किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये थे।। जाँच दौरान यह पता चला कि बी पैक्स धमनी खेड़ा के मिनी बैंक का कार्य सेवानिवृत्त नन कैडर सचिव इन्द्रभूषण शुक्ल द्वारा अपने हस्ताक्षरों से संचालित किया जा रहा था, इनके द्वारा स्थानीय ग्रामीण कृषकों की सावधि खाता (एफडी) एवं बचत खातों में जमा होने वाली धनराशि को जिला सहकारी बैंक लि०, उन्नाव शाखा बीघापुर में जमा नहीं की गयी है जो सीधे धनराशि गबन को दशार्ती है। इन्द्रभूषण शुक्ल सावधि खाते में दर्ज धनराशि मु 1181540.00 रुपये तथा बचत खाते में दर्ज धनराशि मु० 569015.00 रुपये कुल धनराशि मु 1750555.00 (सत्रह लाख पचास हजार पाँच सौ पचपन रुपये मात्र) रुपये का गबन अपहरण किया गया है, तथा उक्त धनराशि बैंक में न होने के कारण सम्बन्धित स्थानीय ग्रामीणों कृषकों को भुगतान न हो पा रहा है। उक्त मामले में सेवानिवृत्त सचिव को दोषी पाए जाने पर 22 जनवरी 2025 को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता उन्नाव ने मुकदमा दर्ज करवाने का आदेश दिया था। जिस पर अपर जिला सहकारी अधिकारी प्रेम नारायण भारती ने उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सरकारी धन धोखाधड़ी कर गबन करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## ड्रिल मशीन में फंसकर तकनीकी कर्मचारी की हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के गांव उम्मरपुर वक्तौरी में पेयजल की पाइप लाइन डालने के लिए होल करते समय अचानक एक तकनीकी कर्मचारी ड्रिल मशीन में फंस गया। जिससे कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। हर घर नल से जल परियोजना के तहत कोतवाली क्षेत्र के गांव उम्मरपुर वक्तौरी में पेयजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन डाली जा रही है। जिला आजमगढ़ के थाना मेह नगर अंतर्गत ग्राम बारबा सागर रसूलपुर निवासी जय नरायण 33 वर्ष पुत्र राम सगुन यादव पाइप लाइन डालने के लिए ड्रिल मशीन चला रहा था। तभी आज रविवार को दोपहर के समय अचानक चालक जयनराएन किसी तरह ड्रिल मशीन में फंसकर लहूलुहान हो गया। अन्य साथी कर्मी आनन-फानन घायल मशीन चालक को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। सहकर्मियों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है। परिवार के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

## ओटीपी पूछ खाते से साढ़े चार लाख पार होने पर पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के हिन्दू नगर निवासी विजय कुमार वाजपेयी पुत्र स्व शोभनाथ बाजपेयी ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका बैंक खाता एक्सिस बैंक उन्नाव में है। अगस्त 2024 में उसके पास फोन आया कि आप क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल नही कर रहे है। इसको हम निरस्त कर रहे है। इस पर मैंने कहा कि ठीक है निरस्त कर दो तो उन्होने कहा कि आपके मोबाइल पर एक OTP Number आयेगा जो हम लोगो को बता देना जिससे कार्ड आपका निरस्त हो जायेगा। इस पर विश्वास करके मैंने OTP Number बता दिया । OTP Number बताते ही मेरे खाता संख्या 9190******* जिसमे 454894.83 रुपया था जिसमें से 450011.80 रुपया निकाल लिया गया । जब मैंने Axis Bank Unnao में पता किया तो वह बताये कि इसमें हम कुछ कर नही सकते यह साइबर क्राइम का मामला है। इस पर मैंने Online शिकायत दर्ज कर दी थी। अब मुकदमा दर्ज करवा रहा हूं। थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर धोखाधड़ी कर रुपये निकाल लेने का मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## अवैध असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




बीघापुर, उन्नाव। नेशनल हाईवे से चंद कदम की दूरी पर अवैध असलहा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया कोतवाली बीघापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु ग्रस्त के दौरान उन्नाव से लालगंज नेशनल हाईवे कैंची मोड से बीघापुर रेलवे स्टेशन के बीच नहर के पास एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में ले लिया तलाशी दौरान एक अवैध असलहा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ में युवक ने अपना नाम सूरज कुमार पुत्र प्रकाश गौतम निवासी मलपुर मजरा बहुराजमऊ थाना बीघापुर बताया पुलिस ने आयुष अधिनियम 3/ 25 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

## युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



मौरावां, उन्नाव। थाना क्षेत्र के गुलरिहा ग्राम सभा के मुड़अहूवा गांव में 20 वर्षीय युवती ने गले में फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर बारीकी से जांच करवाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार मृतका गुलरिहा ग्राम सभा का माजरा मुड़हुवा की रहने वाली है मृतका की मां रेखा पत्नी सूर्यभान ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया मेरी पुत्री का प्रेम प्रसंग लाल खेड़ा निवासी बबलू से चल रहा था जब मेरी पुत्री ने उनसे विवाह की बात की तो बबलू ने सीधे मना कर दिया जिस पर मृतक की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र दे कर महीनों दुराचार करने वाला अब बेटी से शादी करने से मना कर दिया जिससे मेरी बेटी ने मौत को गले लगा लिया प्रार्थना पत्र मिलते ही मौरावा पुलिस हरकत में आई और फोरेंसिक टीम के साझा जाँच में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया की शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है प्रार्थना पत्र के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करके कार्यवाही की जाएगी।

## डीआरएम के निरीक्षण के बाद जगी कुछ उम्मीदें

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। लखनऊ मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा ने उन्नाव रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्टेशन की बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया और स्टाफ से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में सफाई अभियान चला। कर्मचारियों ने काउंटर प्रबंधन, प्रतीक्षालय और सिग्नल सिस्टम को दुरुस्त करने का प्रयास किया। टिकट खिड़कियों पर तैनात कर्मचारियों को सतर्कता के निर्देश मिले। स्टेशन पर यात्री लंबे समय से सुविधाओं की कमी की शिकायत करते रहे हैं। इनमें गंदगी, खराब शौचालय और पीने के पानी की समस्या प्रमुख हैं। डीआरएम ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। रेल प्रशासन ने लखनऊ-कानपुर रेल खंड के विकास की योजना बनाई है। इसमें ट्रैक सुधार, ओवरब्रिज निर्माण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। दिल्ली-मुंबई रूट पर चलने वाली ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक बढ़ाई जाएगी।स्थानीय यात्री राजेश वर्मा ने डीआरएम के दौरे का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सुविधाओं में सुधार से यात्रियों को राहत मिलेगी। समीक्षा बैठक में डीआरएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यात्रियों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने दोहराया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरतेगा।

## मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज स्थित एक निजी मेडिकल कॉलेज में छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अजगैन थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। छात्रा ने अपने सहपाठी पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। उसने कॉलेज प्रबंधन पर सीसीटीवी फुटेज को डिलीट करने का भी आरोप लगाया है। छात्रा ने बताया कि वह लंबे समय से मानसिक तनाव में थी और कई बार प्रशासन से मदद मांग चुकी थी। इस घटना के बाद कॉलेज की अन्य छात्राओं में भय का माहौल है। थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने कहा कि मामले की जांच तेजी से की जा रही है। बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय प्रशासन ने पीड़िता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। छात्राएं और अभिभावक चाहते हैं कि कॉलेज और जिला प्रशासन ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई करे। इस घटना ने शैक्षणिक संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिससे भविष्य में कोई भी छात्रा असुरक्षित महसूस न करे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग घर की गृहस्थी जलकर राख

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला हटिया में बीती रात अज्ञात कारण के चलते एक घर में आग लग गई। आग से घर की संपूर्ण गृहस्थी जलकर खाक हो गई ।सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने मोहल्ले वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया। अग्निकांड में करीब 5 लाख की संपत्ति नष्ट होने का अनुमान है । नगर के मोहल्ला हटिया निवासी शमशुल खान के घर में गत शनिवार को शाम करीब 7:30 बजे अज्ञात कारण के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग पहली मंजिल से दूसरी मंजिल तक पहुंच गई । आग के शोले और धुआं देख मोहल्ले वासियों ने बाल्टियों में पानी भर भर कर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन असफल रहे। तभी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने मोहल्ले वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया। अग्निकांड में गृहस्थी और नकदी समेत करीब 5 लाख की संपत्ति जलकर खाक हो गई।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी गांव निवासी वीरेंद्र मिश्रीलाल की बाइक त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास एक ट्रक से टकरा गई। वीरेंद्र कानपुर जाजमऊ की एक निजी फैक्ट्री में काम करता था। वह रोजाना की तरह शनिवार रात को भी ड्यूटी के लिए बाइक से निकला था। हादसे में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर के बाद वह बाइक से उछलकर ट्रक के पीछे गिर गए।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची गंगाघाट पुलिस ने घायल वीरेंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के कारण हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा।

## सम्पादकीय

# अमेरिका की पाकपरस्त नीति से सतर्क रहना होगा

अमेरिका और पाकिस्तान की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। दोनों भले ही रिश्तों में तल्खी का दिखावा करें, लेकिन जब भी पाकिस्तान को मदद की जरूरत होती है, अमेरिका वहां मौजूद होता है और इसके लिए वो पाकिस्तान से पूरी कीमत भी वसूलता है। इसे पाकिस्तान की मजबूरी कहें या कुछ और, वह भी अमेरिका को कीमत अदा करने के लिए तैयार रहता है, चाहे बात अफगानिस्तान में अमेरिकी हमले का समर्थन करने की हो या फिर भारत के खिलाफ भूराजनीतिक दबाव की राजनीति खेलने की, अमेरिका हमेशा से पाकिस्तान का मददगार रहा है। यहां तक कि आतंकवाद पर भी वो अनेक मौकों पर पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया है। उसके खुद के सीने वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी जख्म लगने के बाद एक बारगी अमेरिका ने आतंक पर कड़ा रुख जरूर अपनाया। यहां तक कि वर्ल्ड ट्रेंड सेंटर पर हमले का साजिशकर्ता लादेन पाकिस्तान में ही पाया गया। इसके बावजूद अमेरिका का पाक प्रेम कम नहीं हुआ। दिखावे के लिए तो अमेरिकी ने आतंकवादियों को पोषण दिए जाने को लेकर पाकिस्तान की सार्वजनिक रूप से कई बार आलोचना की। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने बार-बार पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से आईएसआई, तालिबान और लश्कर-ए-तैयबा के बीच संबंधों को उजागर किया, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार बताता रहा। अमेरिका की पाक को लेकर नीति हमेशा से भारत विरोधी रही है। कौन नहीं जानता कि अमेरिका ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था। हथियार और पैसा दोनों से मदद की। युद्ध के दूसरे ही दिन भारत के हमले से हिले पाकिस्तान के राष्ट्रपति याह्या खान ने अमेरिकी राष्ट्रपति भवन को एक आपात संदेश भेजकर मदद मांगी थी। इसके बाद अमेरिका ने अपने सातवें बेड़े को बंगाल की खाड़ी भेजने का फैसला किया था। अमेरिका के सातवें बेड़े का मुकाबला करने के लिए तत्कालीन सोवियत संघ ने अपना एक बेड़ा भारत के समर्थन में उतार दिया था। यह बेड़ा अमेरिकी बेड़े की किसी भी कार्रवाई का जवाब देने के लिए तत्पर था, लेकिन इसकी नौबत नहीं आई। पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण के बाद अमेरिका का बेड़ा वापस लौट गया। इसके अलावा भी ऐसे अनेक मौके आए, जब अमेरिका पाक के समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। ऐसा ही एक मौका तक भी आया, जब भारत ने सात मई को पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर हमला किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया पूरी तरह से पाक परस्त दिखाई दे रहा है। वो बार-बार भारत पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की बात करते हुए दोनों देशों के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने की कोशिशों में लगे हैं। यहां तक कि ट्रंप ने कश्मीर में मध्यस्थता करने का भी ऐलान कर दिया। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पूरी सरकार कह चुकी है कि पाकिस्तान से अगर अब बात होगी तो आतंकवाद या पाक अधिकृत कश्मीर पर होगी। इसके बावजूद अमेरिका पाक का सरपरस्त बना हुआ है। असल में अमेरिका अब पाकिस्तान की विशाल खनिज संपदा का दोहन करने में रुचि दिखा रहा है। जो स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए महत्वपूर्ण है। आतंकवाद के वित्तपोषण की चिंताओं के बावजूद, अमेरिका स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए आवश्यक खनिजों के लिए पाकिस्तान को रणनीतिक साझेदार के रूप में देख रहा है। भारत को अमेरिका की इस स्वार्थ नीति से सतर्क रहना होगा।



दो टूक
राज कुमार सिंह

आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते। अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है।

# जहरीली शराब के लिए व्यवस्था जिम्मेदार

पंजाब में अमृतसर जिले के मजीठा ब्लॉक में जहरीली शराब ने दो दर्जन से ज्यादा लोगों की जान ले ली। अब पुलिस-प्रशासन से लेकर सरकार तक पीड़ित परिवारों को सांत्वना बंधाते हुए दावा कर रहे हैं कि वे अवैध शराब के कारोबार के खात्मे के लिए प्रतिबद्ध हैं। सवाल अनुत्तरित है कि उनकी प्रतिबद्धता के बावजूद जहरीली शराब का कारोबार पंजाब में चल कैसे रहा है, जिसने अब 27 गरीबों की जान ले ली? अगर संवेदना और प्रतिबद्धता, हादसे के बाद ही जागी है, तो इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि वक्त गुजरने के साथ सब कुछ पहले जैसे ही चलने लगेगा।

यह टिप्पणी शासन-प्रशासन पर कठोर लग सकती है, पर अतीत का अनुभव यही बताता है। अगस्त, 2020 में जब पूरा देश कोरोना के कहर से भयाक्रांत था, पंजाब के तरनतारन, अमृतसर और बठिंडा जिलों में जहरीली शराब पीने से 135 लोगों की मौत का सरकारी आंकड़ा है। राज्य की मौजूदा आम आदमी पार्टी सरकार कह सकती है कि तब वह सत्ता में नहीं थी, पर 2022 में उसके सत्ता में आने के बाद भी जहरीली शराब से मौतें रुकीं तो नहीं। पिछले साल ही संगरूर में अवैध शराब पीने से 20 लोगों की मौत हो गयी थी। वैसे आईपीएस अधिकारी से आप विधायक बने कुंवर विजय प्रताप सिंह ने यह याद दिला कर अपनी ही पार्टी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं कि 2020 के हादसे पर मौजूदा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। हर हादसे के बाद जांच की घोषणा होती है। उसकी रिपोर्ट भी आती ही होगी, पर बार-बार हादसे बताते हैं कि उन रिपोर्टों पर सख्त कार्रवाई करते हुए जरूरी सबक नहीं सीखे जाते।

ऐसी ही एक एसआईटी जांच रिपोर्ट में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के लिए स्थानीय एसएचओ और डीएसपी को जिम्मेदार बनाने का सुझाव दिया गया था, पर उस पर अमल नहीं हुआ। सामान्य समझ भी बताती है कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री का नेटवर्क न सिर्फ पुलिस-प्रशासनिक, बल्कि राजनीतिक संरक्षण बिना भी नहीं चल सकता। पंजाब को सबसे ज्यादा बर्बाद करने वाले नशीले पदार्थों के कारोबार के लिए भी पुलिस-प्रशासन और राजनेताओं पर उंगलियां उठती रही हैं। इस मामले में राजनीति तो खूब हुई और चुनावी लाभ भी मिलता रहा, पर पंजाब को नशे के दंश से मुक्ति अभी तक नहीं मिल पायी। पंजाब सरकार द्वारा चलाये जा रहे 'एक युद्ध, नशे के विरुद्ध' अभियान की कलई भी मजीठा जहरीली शराब कांड ने खोल दी है। बेशक अंतरराष्ट्रीय समस्या बने ड्रग्स की मार हमारे यहां अभी बहुत व्यापक नहीं हुई है, लेकिन जहरीली शराब के कारोबार ने तो पूरे देश को अपने शिकंजे में ले लिया है। 2022 में संसद में एक सवाल के जवाब में खुद सरकार ने बताया था कि 2016 से 2022 के बीच देश भर में छह हजार 172 लोगों को जहरीली शराब पीने से जान गंवानी पड़ी। यह सरकारी आंकड़ा है, वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है।

जाहिर है, अवैध शराब, जिसमें से कुछ जहरीली साबित होती है, से मौतों का सिलसिला 2016 से पहले भी चल रहा था और 2022 के बाद भी चल रहा है,



क्योंकि उसके कारोबार को रोकने की कोई ईमानदार कोशिश तो नजर नहीं आती। हर हादसे के बाद मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने तथा मामले की जांच की घोषणा की जाती है। मीडिया और राजनीतिक गलियारों में भी कुछ दिन तक चर्चा रहती है, पर फिर सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है, अगले हादसे तक। तब भी क्या यह समझना मुश्किल होना चाहिए कि इसके पीछे निहित स्वार्थों का एक बड़ा नेटवर्क काम करता है, जो कई बार अंतरराज्यीय भी होता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में कहा गया है कि राज्य औषधीय प्रयोजनों को छोड़ कर मादक पेय पदार्थों और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक दवाओं के सेवन पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास करेगा, लेकिन ज्यादा से ज्यादा राजस्व जुटाने के चक्कर में हमारे यहां शराबखोरी को हर तरह से प्रोत्साहित किया जा रहा है।

दूध और दवा की दुकान शायद आपको तलाश करनी पड़े, स्कूल के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़े, पर शराब की चमचमाती दुकानें अपने घर-दफ्तर के पास से लेकर राजमार्गों तक पर आपका ध्यान अनचाहे भी खींच लेंगी। कोरोना काल में भी राज्य सरकारें सबसे पहले शराब के ठेके खोलने को उतावली नजर आयीं। तमाम राज्य सरकारों के राजस्व में आबकारी शुल्क की बड़ी हिस्सेदारी रहती है, जिसे साल-दर-साल बढ़ाने की कवायद ही वे करती नजर आती हैं। शायद इस मुनाफाखोर मानसिकता की भी सामाजिक सोच में आये इस बदलाव में बड़ी भूमिका है कि अब भारतीय समाज में शराब का कारोबार और उपयोग शर्म का नहीं, बल्कि शान का प्रतीक बन गया है। हादसे रोकने में नाकाम हमारी व्यवस्था अक्सर हादसे के बाद जेम्स बांड की तरह खुलासे करने लगती है। सो, अब पंजाब पुलिस ने खुलासा किया है कि हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले का गांव चन्नीबेली गुड़ से बनी पारंपरिक शराब और इथाइल अल्कोहल से बनी ज्यादा खतरनाक शराब का प्रमुख उत्पादन केंद्र बन गया है। और भी चौंकाने वाला खुलासा यह है कि वहां शराब निर्माण और वितरण में महिलाओं की भागीदारी लगभग 40 प्रतिशत है।

अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों ने शराबबंदी का प्रयोग भी किया, पर कभी कोई राज्य यह दावा नहीं कर पाया कि वहां शराब उपलब्ध नहीं या लोग पीते नहीं। दरअसल वहां भी असरदार लोगों का शराब तस्करी और सप्लाई का नेटवर्क बन जाता है। मद्यनिषेध के सबसे बड़े पक्षधर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्मभूमि गुजरात में अरसे से शराबबंदी है, पर एक अध्ययन बताता है कि राजस्थान-मध्य प्रदेश सरीखे पड़ोसी राज्यों से लेकर गोवा तक से वहां भी हर साल 12 ये 15 हजार करोड़ रुपये की शराब विभिन्न तरीकों से तस्करी कर लायी जाती है, जिसमें से 300 से 500 करोड़ तक की शराब जब्त कर पुलिस अपने कर्तव्य की इतिश्री भी कर लेती है। हर तरह की शराब सेहत के लिए नुकसानदेह है, लेकिन जानलेवा साबित होती है अवैध शराब, जो बिना सरकारी लाइसेंस और मानकों के छोटे-बड़े पैमाने पर बनायी और बेची जाती है।

पीने वाले का नशा और बनाने वाले का मुनाफा बढ़ाने की कवायद में ही अवैध शराब जहरीली बन जाती है, क्योंकि उसमें सस्ती सामग्री इस्तेमाल की जाती है। सस्ती मिलने वाली अवैध शराब का सेवन सबसे ज्यादा गरीब मजदूर आदि करते हैं। मरने वालों में भी सबसे ज्यादा वे ही शामिल होते हैं। कई बार उनकी सही संख्या भी सामने नहीं आ पाती। शायद इसलिए भी बड़ी संख्या में मौतों के बावजूद उसका शासन-प्रशासन पर ज्यादा असर नजर नहीं आता।

## व्यंग्य

जयराम शुक्ल



# कानून से ज्यादा आचरण का विषय है भ्रष्टाचार

शरद जोशी ने कोई चालीस वर्ष पहले 'हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे' व्यंग्य निबंध रचा था। तब यह व्यंग्य था, लोगों को गुदगुदाने वाला। भ्रष्टाचारियों के सीने में नश्तर की तरह चुभने वाला। अब यह व्यंग्य, व्यंग्य नहीं रहा, यथार्थ के दस्तावेज में बदल चुका है। भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही व्यंग्य की मौत हो गई। समाज की विद्रूपताओं की चीर-फाड़ करने के लिए व्यंग्य का जन्म हुआ था। परसाई जी ने व्यंग्य को शूद्रों की जाति में रखते हुए लिखा था व्यंग्य चरित्र से स्वीपर है। वह समाज में फैली सड़ांध में फिनाइल डालकर उसके कीटाणुओं का नाश करने का काम करता है। ये स्वीपर अब साहित्य की जाति-बिरादरी से बाहर है। इस कुजात के लिए भला अब किससे आरक्षण मांगें। जोशी-परसाई युग में सदाचार, लोकलाज व सामाजिक मर्यादा के मुकाबले विषमताओं, विद्रूपताओं और भ्रष्टाचार का आकार बेहद छोटा था। व्यंग्य उन पर प्रहार करता था। लोग सोचने- विचारने के लिए विवश होते थे। भ्रष्टाचार का स्वरूप इतना व्यापक नहीं था। व्यंग्य कब विद्रूपता के मुंह में समा गया, पता ही नहीं चला। भ्रष्टाचार की व्यापकता पर जोशी जी लिखते हैं 'सारे समंदर की मसि (स्याही) करें और सारी जमीन का कागज, फिर भी भ्रष्टाचार का भारतीय महाकाव्य अलिखित ही रहेगा। वेद पुराणों में भगवान का यह कहते हुए उल्लेख है कि 'हम भक्तन के भक्त हमारे'। जोशी जी ने भ्रष्टाचार के लिए यही भाव लिया था- हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे। आज के दौर के बारे में सोचते हुए लगता है कि हमारे अग्रज साहित्यकार कितने बड़े भविष्य वक्ता थे। भ्रष्टाचार, सचमुच भगवान की तरह सर्वव्यापी है, कण-कण में, क्षण-क्षण में। मंदिर में, धर्माचार्यों के बीच भगवान की पूजा हो न हो, भ्रष्टाचार्य जी पूरे विधि-विधान से पूजे जाते हैं। आसाराम, नित्यानंद, राम-रहीम, रामपाल, निर्मल बाबा से लेकर नगद लेकर महामंडलेश्वर की पदवी बांटने वाले धर्माचार्यों की लंबी कतार है जिन्होंने मंत्रोच्चार और पूरे कर्मकांड के साथ भ्रष्टाचार की प्राण-प्रतिष्ठा की है और हम वहां शीश नवाने पहुंचते हैं। भगवान को माता लक्ष्मी प्रिय है तो भ्रष्टाचार्य जी को भी लक्ष्मी मैया अतिप्रिय। रूप बदलने, नए-नए नवाचार और अवतार में भी भ्रष्टाचार का कोई सानी नहीं। आज के दौर में परसाई जी-शरद जोशी जी होते तो भ्रष्टाचार को लेकर और क्या नया लिखते! उनके जमाने में एक-दो भोलाराम यदाकदा मिलते जिनके जीव पेंशन की फाइलों में फड़फड़ाते। आज हर रिटायर्ड आदमी भोलाराम है, फर्क इतना कि वह परिस्थितियों से समझौता करते हुए परसेंट देने पर राजी है। परसेंट की यह कड़ी नीचे से ऊपर तक उसी तरह जाती है जैसे राजीव गांधी का सौ रुपया नीचे तक दस पैसा बनकर पहुंचता है। पिछले कुछ दिनों से भ्रष्टाचार पर भारी बहस चल रही है। भ्रष्टाचारी भी भ्रष्टाचार पर गंभीर बहस छेड़े हुए हैं। चैनलों ने इसे प्रहसन का विषय बना दिया। टीवी चैनलों में कभी-कभी बहस इतनी तल्ख हो जाती है कि मोहल्लों में औरतों के बीच होने वाले झगड़ों का दृश्य उपस्थित हो जाता है। एक कहती है..तू रांड तो दूसरी जवाब देती है तू रंडी.. एक ने कहा तुम्हारी पार्टी भ्रष्ट तो दूसरा तड़ से जवाब देता है, तुम्हारी तो महाभ्रष्ट है। टीवी शो में एक पार्टी के प्रतिभागी ने कहा, फलां जी से बस इतनी गलती हो गई कि उन्होंने आपकी वाली पार्टी में जाकर प्रशिक्षण नहीं लिया था। वे लाखों-करोड़ों गटक लेते हैं और पता भी नहीं चलता। भ्रष्टाचार अब बुद्धि विलास का विषय बन चुका है। चमड़ी इतनी मोटी हो गई कि व्यंग्य की कौन कहे, गालियां तक जज्ब हो जाती हैं। एक नया फार्मूला है खुद को ईमानदार दिखाना है तो दूसरों को जोर-जोर से बेईमान कहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई भी कर्मकांडी हो गई है। भ्रष्टाचारी कौन है? यह चिमनी लेकर खोजने का विषय नहीं है। हम सबने मिलकर भ्रष्टाचार को अपने आचरण में जगह दी है। जिस दिन कोई पिता अपने बेटे को इसलिए तिरष्कृत कर देगा कि उसके भ्रष्टाचार की कमाई से बनी रोटी का एक टुकड़ा भी स्वीकार नहीं करेगा, कोई बेटा बाप की काली कमाई के साथ बाप को भी त्यागने का साहस दिखाएगा.

## अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई



संकलित
दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

## दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### ट्रंप की चाल, किसानों की चिंता और सरकार की रणनीति

भारत और अमरीका के बीच चल रही द्विपक्षीय व्यापार समझौता वार्ताओं के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने यह दावा करके सबको चौंका दिया कि भारत अमरीकी सामानों पर जीरो टैरिफ लगाने के लिए तैयार है। भारत सरकार की ओर से इस प्रकार की किसी भी आधिकारिक पेशकश से इनकार किया गया है, लेकिन ट्रंप के इस बयान ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इस मुद्दे को भारत पर दबाव बनाने के हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे भारत के किसानों, घरेलू उद्योगों और रोजगार पर पड़ने वाले संभावित असर को लेकर गंभीर चिंता उठी है। जीरो टैरिफ का सबसे बड़ा खतरा देश के किसानों के लिए है। अमरीका में कृषि उद्योग को भारी सबसिडी मिलती है, जिससे वहां अनाज और अन्य कृषि उत्पादन सस्ते में होता है। वही उत्पाद जब भारत में सस्ते में बिकेंगे तो भारतीय किसान प्रतियोगिता में टिक नहीं पाएंगे।

*- महेश काले, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### उल्लेखनीय कदम



देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी के करकमलों से संपन्न हुआ। इसमें महाराष्ट्र के 15 स्टेशनों का भी समावेश है। विकास और विरासत का प्रतीक बनने वाले ये स्टेशन रेल यात्रियों की यात्रा को सुखद, सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम हैं।

**- देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### हॉफ़ एनकाउंटर



बनारस का हॉफ़ एनकाउंटर देखकर जनता पूछ रही है कि फिल्मसिटी नोएडा में बन रही थी और शूटिंग काशी में हो रही है! ये मामला क्या है? आशा है कि मंहत जी के घर से चोरी हुआ 'पुश्तैनी धन', फुल रिटर्न कर दिया जाएगा।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### नया विज्ञान केंद्र



भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक साझेदारी ने बेंगलुरु में इम्पीरियल ग्लोबल इंडिया के शुभारंभ के साथ नई ऊंचाइयों को छुआ है, जो देश में इंपीरियल कॉलेज लंदन द्वारा एक नया विज्ञान केंद्र है। मेरा मानना है कि कल के समाधान अलगाव में पैदा नहीं होंगे।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी



संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि अगर उन्हें तत्काल सहायता नहीं मिली तो गाजा में 14,000 बच्चे मर सकते हैं। भोजन या चिकित्सा की कमी में एक भी मासूम की मौत मानवता के खिलाफ़ अपराध है।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## करंट अफेयर

# पाक में 100 साल पुराने हिंदू मंदिर की जमीन पर कब्जा

पाकिस्तान में सिंध प्रांत के टांडो जाम कस्बे के पास जिस जमीन पर 100 साल पुराना शिव मंदिर है, उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है और उसके आसपास निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। हिंदू समुदाय के एक प्रतिनिधि ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान में हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन 'दरावर इत्तेहाद पाकिस्तान' के प्रमुख शिव काच्छी ने कहा, मंदिर एक सदी से अधिक पुराना है लेकिन दबंगों ने इस पर कब्जा कर लिया है और मंदिर के आसपास की भूमि पर अवैध निर्माण शुरू कर दिया है। साथ ही शिव मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग और प्रवेश को बाधित किया है।'




## ऑफ बीट

# युवाओं की राय को बिगाड़ रहे 'सेल्फी- एडिटिंग टूल'

एबिगेल (21) अपने दूसरे दोस्तों की तरह बहुत सारी सेल्फी खींचती है, उन्हें बेहतर व सुंदर बनाने के लिए दूसरे ऐप से एडिट करती है और फिर उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती है। हालांकि उसका कहना है कि ये सेल्फी को एडिट करने वाले ऐप्स, जिस काम के लिए बने हैं उनसे ज्यादा काम के हैं ,जैसे- आप अपने आदर्श रूप को देखते हैं और आप चाहते हैं कि आपका ये नया रूप हकीकत बन जाएं। आप जितना अधिक इसे बेहतर करते जाएंगे, आपको उतने बेहतर परिणाण मिलने लगेंगे।" ये ऐप दिखाते हैं कि सेल्फी-एडिटिंग तकनीक युवा लोगों की शारीरिक छवि और स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं।



## संक्षेप

### सड़क पार करते समय मजदूर की मौत

**पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चार बेटों का पिता था मृतक**

सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। रामपुर बबुआन के पास एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर 87.7 पर एक बुजुर्ग मजदूर की अज्ञात वाहन से टक्कर के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान घिरावू के रूप में हुई है, जो रामपुर बबुआन दया नगर का निवासी था। वह मजदूरी करने जा रहा था। सड़क पार करते समय अचानक किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घिरावू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के परिजनों के अनुसार, उनके परिवार में पत्नी और चार बेटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### दो माह बाद कब्र से निकाला शव

**परिजनों ने जताई थी प्रेम -प्रसंग में हत्या की आशंका, कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई, दुबारा होगा पोस्टमॉर्टम**

सुलतानपुर, दूबेपुर में दो माह पहले फंदे से लटके मिले एक युवक के मामले में नया मोड़ आया है। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को युवक का शव कब्र से निकालकर दोबारा पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। बंधुआ कला गाजी खां मोहल्ले के 22 वर्षीय अयान खां का शव 22 फरवरी 2025 को फंदे से लटका मिला था। पहले पोस्टमॉर्टम में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया था। परिवार का आरोप है कि प्रेम प्रसंग में अयान की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया। अयान अपने दिव्यांग पिता अतीक के साथ रहता था। उसकी मां नफीसा चंडीगढ़ में रहती हैं। उसकी बड़ी बहन मुस्कान के साथ उसका छोटा भाई अमान रहता है। मां नफीसा ने पुलिस से न्याय न मिलने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर एसडीएम विपिन द्विवेदी, थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह और सब इंस्पेक्टर राम प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ कब्रिस्तान पहुंचे। एक घंटे से अधिक की खोदाई के बाद शव को निकाला गया। मां का कहना है कि 12वीं पास अयान आत्महत्या नहीं कर सकता था।

### कांग्रेस निकालेगी संविधान बचाओ रैली

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और महासचिव के आने की संभावना, पार्टी कार्यालय पर बैठक**

सुलतानपुर, दोस्तपुर विकासखंड स्थित गौसेसिंहपुर में 25 मई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और महासचिव प्रभारी अविनाश पांडे के आने की संभावना है। कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित तैयारी बैठक में नवनियुक्त कोऑर्डिनेटर आनंद राय ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने उनका स्वागत किया। आनंद राय ने कार्यकताओं से परिचय प्राप्त कर संगठन को मजबूत करने के लिए मार्गदर्शन दिया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी का निर्देश जिलाध्यक्ष राणा ने बताया कि अखिल भारतीय और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह रैली आयोजित की जा रही है।

# बीज बिक्री में अनियमितता मिलने पर विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

## जिला कृषि अधिकारी व उनकी टीम ने जिले में छापेमारी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। धान नर्सरी का सीजन चल रहा है जिले में बीज भण्डार की दुकानें सजी हुई है दुकानदारों द्वारा किसानों को गलत बीज बिक्री न किया जाए इसके लिए जिला अधिकारी के द्वारा गठित की गई टीम ने जनपद के कई स्थानों पर छापेमारी की इस दौरान अनियमित मिलने पर कई दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही की भी चेतावनी दी गई है। छापेमारी के दौरान बीज विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा ।जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव व उनकी टीम द्वारा रविवार को नानपारा रुपईडीहा एवं बाबागंज क्षेत्र में बीज विक्रेताओं के यहां औचक छापेमारी की गई ।छापेमारी के दौरान नानपारा में पटेल बीज भंडार, गिरी बीज भंडार आदर्श बीज भंडार तथा बाबागंज में सिंह बीज भंडार ,किसान सेवा केंद्र ,हेमराज वर्मा ट्रेडर्स के यहां निरीक्षण किया गया। छापेमारी के समय मौर्य बीज भंडार नानपारा के अभिलेख अपूर्ण एवं बीज का स्त्रोत संदिग्ध होने के कारण लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। वहीं अजय बीज भंडार रुपईडीहा और वर्मा बीज भंडार बाबागंज के अभिलेख अपूर्ण होने एवं कृषको को कैश मेमो रशीद दिए जाने में अनियमितता बरतने के कारण उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव ने बताया कि धान नर्सरी डालने का समय चल रहा है ऐसी स्थिति में किसानों को अच्छे बीज उपलब्ध कराने के लिए दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। विक्रेताओं से संतोष जनक जवाब न मिलने पर बीज नियंत्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोरतम कार्रवाही की जाएगी । उन्होंने बताया कि सभी बीज विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया है कि सभी बीज विक्रेता बीज बिक्री के समय कृषकों को कैश मेमो रशीद अवश्य दें एवं किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज की ही बिक्री करें । जनपद के सभी किसान भाई बीज खरीदते समय दुकानदार से कैश मेमो रशीद अवश्य लें, जिससे यदि बीज की गुणवत्ता में किसी पर भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित बीच कंपनी एवं विक्रेता पर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

# समर कैंप में बच्चों को दिया जा रहा शिक्षा संस्कार व कला का ज्ञान

- राजकीय हाईस्कूल पुरैना रघुनाथपुर में संचालित किया जा रहा समर कैंप
- बच्चों द्वारा बनाई गई मिट्टी की कलाकृतियां बनी आकर्षण का केंद्र

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां भले ही चल रही हो लेकिन बच्चों में सामाजिक सांस्कृतिक नवाचार को बढ़ावा देने के लिए समर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप का आयोजन 21 मई से शुरू हुआ है जिसका समापन 10 जून को होगा। तहसील मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय हाईस्कूल पुरैना रघुनाथपुर में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है । सुबह 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित होने वाले समर कैंप में विद्यार्थियों में उनके कौशल को निखारने तथा के लिए विविध विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।समर कैंप में शिक्षा स्वास्थ्य संस्कृति कला योगा नवाचार सामाजिक शिक्षा नैतिक शिक्षा विषयों पर जोर दिया जा रहा है । समर कैंप में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा विलुप्त हो रहे मिट्टी के घरेलू खिलौने का निर्माण कराया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुश्री सुमन देवी ने बताया कि समर कैंप के तहत बच्चों में सामाजिक नैतिक शिक्षा योगा के साथ नवाचार विषय को लेकर प्रशिक्षित किया जा रहा है बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां बनाई जा रही हैं जो आकर्षण का केंद्र बन रही है उन्हें प्रशिक्षण देकर उनके अंदर छिपे कौशल को निखारने का काम किया जा रहा है।

## गर्मी बढ़ते ही पटरी से उतर जाती विद्युत व्यवस्था, आम जनता गर्मी से बेहाल

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। रिसिया मटेरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मटेरा बाजार और मटेरा चौराहे और ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है लोग लो वोल्टेज और बिजली की हर आधे घंटे पर आ वा जाहि से परेशान है जिम्मेदारों के फोन नहीं उठाते ना कोई सकारात्मक जवाब मिलता है वही जनता की माने तो कोई भी जनप्रतिनिधि, विद्युत विभाग का अधिकारी या कर्मचारी गरीब जनता की सुनने वाला नहीं है । जहां प्रदेश की योगी सरकार 18 घंटा बिजली देने का वादा करती है वहां ढंग से 8 घंटा भी बिजली नहीं रहती वही सरकार की योजनाओं पर पानी फेरने में जनप्रतिनिधि एवं विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी जुटे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत आपूर्ति के साथ ही यदि कोई जानकारी चाहे तो विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी फोन उठाने में भी रुचि नहीं लेते हैं।

### तीन भैंस चोरी होने से पशु पालक दुःखी ,थाने में दिया प्रार्थना पत्र

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। ग्राम छिटुपुरवा ग्राम सभा इमामनगर गढ़राहवा थाना रुपईडीहा निवासी भानु प्रताप वर्मा ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया है कि बीती 23/24 मई की रात उसकी 3 भैंस चोर चुरा ले गए। पत्रकारों को अपनी व्यथा बताते हुए वर्मा ने कहा कि मैं दूध बेच कर परिवार का भरण पोषण करता था। लगभग पौने दो लाख की भैंस चोरी होने से मेरी आर्थिक कमर ही टूट गयी। मैंने कई जगह आसपास तलाश किया व लोगों से पूछताछ की परंतु भैसों का पता नही लगा। सूचना देने के बाद भी 25 मई की शाम तक कोई पुलिस कर्मी प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भानु प्रताप के घर तक कोई भी पुलिस कर्मी नही पहुंचा। जबकि आदर्श थाने में एसआई व कांस्टेबल मिलाकर लगभग 80 पुलिस कर्मी तैनात हैं।

## पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। दीपक भूकर पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 08 महिला थाना से 07,थाना बांगरमऊ, थाना सफीपुर, थाना बेहटामुजावर, थाना गंगाघाट से 02-02, थाना माखी व थाना कोतवाली सदर से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में डॉ0 अवसार अली, डॉ0 सगीर अहमद, रामसनेही यादव संजय चौरसिया एवं सहयोगी सलाहकार अंकित सिंह शिवेन्द्र सिंह, डॉ0 शशि रंजना अगनिहोत्री, डॉ0 एस. केय पाण्डेय तथा पुलिस टीम में हेल्पडेस्क प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमारी, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह उप निरीक्षक मिथिलेश वर्मा,उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, कमलेश कुमारी, उपासना गुप्ता, पूजा चौधरी, लक्ष्मी, मीनू, सेविका, नेहा शुक्ला, सुमन यादव. राधिका, शीलू, दुर्गेश शिखा का विशेष योगदान रहा।

## समर कैंप में स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

**लाइफ सपोर्ट सीपीआर की दी गई जानकारी**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। 21 मई से चल रहे समर कैंप के तहत राजकीय इंटर कॉलेज भग्गड़वा बाजार बहराइच में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने योग व व्यायाम का अभ्यास किया। चिरैयाटांड़ चीफ फार्मासिस्ट मोहम्मद अशरफ फारूकी ने छात्राओं को लाइफ सपोर्ट सीपीआर आकस्मिक उपचार में काम आने वाली दवाइयां की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि लाइफ सपोर्ट किसी व्यक्ति को उसके शरीर के कार्य करने में मदद करने के लिए यांत्रिक या अन्य सहायता प्रदान करना सीपीआर व्यक्त को हृदय गति रुकना यह सांस लेने में कठिनाई होने पर जीवित रखने में मदद करता है ।समर कैंप में 200 छात्र छात्राएं उपस्थित रही विद्यालय की प्रधानाचार्य यशवंत कुमार सिंह ने बताया कि यह समर कैंप 21 मई से शुभारंभ हुआ है प्रतिदिन समर कैंप के शेड्यूल के अनुसार सभी छात्र छात्राओं को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है बच्चे विभिन्न प्रकार के गतिविधियां करते हैं जिससे बच्चों में



स्वतंत्रता और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है ।कार्यक्रम के आयोजन में मुनेश्वर प्रताप मौर्य और अवधेश कुमार यादव सहायक अध्यापक ने विभिन्न कार्यक्रमों के मार्गदर्शन में पूरी उत्साह एवं जोश के साथ आयोजित कराया।

## इलाज के दौरान युवक की मौत, परिजनो ने लगाया लापरवाही का आरोप

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के अमरसस गांव के कारपेंटर पप्पू शर्मा ( 45 ) की जिला अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पप्पू को तीन दिन पहले अचानक ब्लड प्रेशर में गिरावट आई थी। स्थानीय इलाज से राहत न मिलने पर शनिवार देर शाम उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। परिवार का कहना है कि गंभीर स्थिति में भी डॉक्टरों ने मरीज को सामान्य वार्ड में रख दिया। रात भर कोई विशेष इलाज नहीं किया गया। सुबह तक मरीज की हालत और बिगड़ गई। रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। मृतक के चाचा रामानुज ने स्वास्थ्य विभाग से जांच की मांग की है। पप्पू अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाले व्यक्ति थे ।उनके पीछे पत्नी संध्या, इंटरमीडिएट की छात्राएं बेटियां शुभी और श्वेता, तथा कक्षा 9 में पढ़ने वाला बेटा प्रशांत हैं। आर्थिक रूप से कमजोर यह परिवार अब भविष्य को लेकर चिंतित है। सीएमएस अली रियाज मिर्जा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हालांकि, परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

## नगर पंचायत रुपईडीहा को मिला नया विद्युत अवर अभियंता

**शंभू दयाल ने संभाला कार्यभार, बेहतर बिजली आपूर्ति का दिया भरोसा**

अमन लेखनी समाचार/मो. कौशर

रुपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रुपईडीहा में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। क्षेत्र को नया अवर अभियंता मिल गया है। शंभू दयाल ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। वह इससे पूर्व कटेलिया सब स्टेशन रिसिया में तैनात थे, जहां से उनका स्थानांतरण रुपईडीहा के लिए हुआ है। पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री दयाल ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की तथा क्षेत्र की वर्तमान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के नियमित और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।श्री दयाल ने बताया कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की विद्युत समस्या, फॉल्ट या अनियमित आपूर्ति की स्थिति में तत्काल विभाग से संपर्क करें ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। स्थानीय नागरिकों ने नए अवर अभियंता के आगमन का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

## कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का नाम किया रोशन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम मण्डफहा अलावलपुर निवासी शाश्वत प्रताप सिंह पुत्र अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने सी डी एस( कम्बाइंड डिफेंस सर्विस )परीक्षा2024 पास कर गांव , क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है । तहसील क्षेत्र के ग्राम मण्डफहा अलावलपुर निवासी पंचायत मित्र अमरेन्द्र प्रताप सिंह के बेटे शाश्वत प्रताप सिंह ने अपने दूसरे प्रयास मे यूपीएससी द्वारा आयोजित कम्बाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा 2024 उत्तीर्ण कर आल इण्डिया 262 वीं रैंक हासिल कर थल सेना मे लेफ्टिनेंट बनेंगे । शाश्वत प्रताप ने इण्टरमीडिएट की परीक्षा यू एस इण्टर नैशनल स्कूल भगवंतनगर व बी एस सी राजा राव राम बख्श सिंह महाविद्यालय गौरा से उत्तीर्ण किया था । वर्तमान मे राघुराजा राम गोपाल महाविद्यालय छाछीराई खेड़ा से बी एड कर रहे है । शाश्वत प्रताप ने बताया कि बिना कोचिंग के आनलाइन पढाई कर परीक्षा पास किया । क्रिकेट उनका पसन्दीदा खेल है । वही राजनीति मे कोई रुचि नही रखते है । माता सुनीता देवी गृहणी है । बाबा इन्द्र बहादुर सिंह की प्रेरणा से यह मुकाम हासिल हुआ है । परीक्षा परिणाम आने के बाद से ही शाश्वत के घर मे बधाई देने वालो का तांता लगा रहा। ग्राम प्रधान दीपक सिंह , समाजसेवी मुन्ना सिंह मण्डफहा , योगेश बाजपेई प्रमुख प्रतिनिधि, जय बिन्द सिहं ,कमलेन्द्र बहादुर सिंह , संजय सिंह , आशुतोष सिंह ,बैजनाथ सिंह ,बी डी सिंह , रामहेत सिंह , प्रिन्सू सिंह प्रधान , अरविंद सिंह, बच्चा सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# 72 साल की बुजुर्ग को बहू ने पीटा

**सास को बीच रोड से धक्का देकर घसीटते हुए घर लाई, बेटे से किया गाली-गलौज**

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, थाना छाता क्षेत्र के गांव तरौली जनूबी से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बहू ने अपनी 72 वर्षीय सास के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि एक महिला बुजुर्ग सास को धक्का देती हुई खींचकर ले जा रही है। बुजुर्ग महिला को अपने घर पर खींच कर ले गई और फिर वहां उसके साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का भी प्रयोग किया। जानकारी होने पर बीच-बचाव के लिए बुजुर्ग महिला का बेटा भी मौजूद था। वह अपनी मां को बचाने की कोशिश करता दिखाई दे रहा है। लेकिन बहू लगातार बुजुर्ग पर हमला करती रही। बताया गया कि महिला जब अपनी सास को नहीं छोड़ रही थी और उसके साथ अभद्रता कर पिटाई कर रही थी तो बेटे ने उसका वीडियो बना लिया। बहू 1 महीने से सास को प्रताड़ित कर रही पीड़ित बुजुर्ग महिला कस्तूरी देवी स्वर्गीय नन्नू सिंह की पत्नी हैं। उनका कहना है कि पिछले एक महीने से बहू उनके और बच्चों के साथ झगड़ा कर रही है। कस्तूरी देवी ने इसकी शिकायत थाना छाता पुलिस से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। छाता पुलिस के नाम एक प्रार्थना पत्र भी वीडियो के साथ वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बुजुर्ग महिला कस्तूरी देवी ने अपनी बहू पर करीब 1 महीने से मारपीट कर एवं झगड़ा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर बहू ने उन पर हमला कर दिया। घटना का वीडियो देवर ने बनाया और सोशल मीडिया पर शेयर किया। वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने सास-बहू के पवित्र रिश्ते पर सवाल उठाए हैं।

## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

**अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में लखनऊ-बलिया हाईवे पर सड़क हादसे में 40 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय मृतक अपने रिश्तेदार को छोड़कर घर लौट रहे थे। मृतक की पहचान उमेश कुमार के रूप में हुई है। वह मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के छेदुवारी गांव का रहने वाला था। शाम साढ़े चार बजे के करीब वह अपने रिश्तेदार को मोतिगरपुर छोड़कर घर लौट रहा था। थाने से कुछ दूर आगे हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय उमेश ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में गंभीर चोट लगी। मोतिगरपुर पुलिस ने घायल उमेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उमेश पांच भाइयों में सबसे छोटा था और दैनिक मजदूरी करके परिवार का पालन करता था। उनके परिवार में पत्नी प्रतिमा देवी और एक बेटी मानसी हैं। थानाध्यक्ष विजय सिंह के अनुसार, शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संविधान बचाओ अभियान की तैयारी

**अमेठी में 28 मई को होगी संगोष्ठी, केंद्र सरकार की नीतियों पर होगी चर्चा**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर अमेठी में जिला स्तरीय संविधान बचाओ अभियान की तैयारी बैठक आयोजित की गई। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज के राजीव गांधी सभागार में यह बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। कार्यक्रम संयोजक डॉ. संजय सिंह ने इसका नेतृत्व किया। डॉ. संजय सिंह ने बताया कि 28 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बहादुरपुर स्थित नैना रिजॉर्ट में संविधान बचाओ अभियान संगोष्ठी होगी। इस संगोष्ठी में बेरोजगारी, महंगाई और लघु-मध्यम उद्योगों की समस्याओं पर चर्चा होगी। साथ ही ग्रामीण संकट और कल्याणकारी नीतियों के मुद्दों को भी उठाया जाएगा। सभी समुदायों की होगी भागीदारी कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, किसानों, मजदूरों और वंचित समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विद्वान वक्ता सरकार की नीतियों पर अपने विचार रखेंगे। इस अभियान को पहले जिला स्तर पर और फिर विधानसभा स्तर पर आयोजित किया जाएगा। बैठक में इन लोगों की रही मौजूदगी बैठक में पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, परमानंद मिश्र, धर्मराज बहेलिया, जीत लाल सरोज, मतीन अहमद और विजय पासी मौजूद थे। प्रवक्ता अनिल सिंह, शत्रुहन सिंह, आईपी माली, रामबरन कश्यप समेत कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### साइबर ठगी का नया मामला

**भाई के दोस्त के नाम पर महिला के खाते से 77 हजार रुपये निकाले**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महिला के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सक्का गांव की रहने वाली महिला के बैंक खाते से ठग ने 77 हजार रुपये निकाल लिए। एक अज्ञात व्यक्ति ने महिला को फोन किया और खुद को उसके भाई का दोस्त बताया। आरोपी ने कहा कि वह उनके खाते में कुछ पैसे भेजना चाहता है। इसके बाद उसने महिला को व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा। महिला ने लिंक को खोल दिया और आरोपी के बताए सभी निदेशों का पालन किया। पीड़िता के पति ने बताया कि पांच अलग-अलग लेनदेन में उनके खाते से कुल 77 हजार रुपये निकल गए। जब उन्होंने आरोपी को फोन किया, तो उसने कॉल रिसीव नहीं की। ठगी का पता चलने पर पीड़िता के पति ने दनकौर कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई। साइबर सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने लोगों को सचेत किया कि अनजान व्यक्तियों द्वारा भेजे गए लिंक कभी नहीं खोलने चाहिए और बैंक से जुड़ी जानकारी किसी से साझा नहीं करनी चाहिए।

### बिजली विभाग की लापरवाही से पशु की मौत

**नोएडा के सालारपुर में पोल से उतर रहे करंट की चपेट में आया पशु**

जेवर, ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सालारपुर गांव में एक पशु की मौत बिजली के पोल से उतर रहे करंट से हो गई। ग्रामीण ब्रह्म सिंह ने बताया कि उनका पशु बिजली के पोल के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले ही उन्होंने यह पशु 80 हजार रुपये में खरीदा था। ग्रामीणों का कहना है कि कई दिनों से पोल में करंट उतर रहा था। इस संबंध में बिजली विभाग को शिकायत की गई थी। लेकिन विभाग ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### तूफान से 4 लोगों की मौत

**आम-लीची के बागों को भारी नुकसान, आप ने डीएम को सौंपा मुआवजे का ज्ञापन**

मेरठ, आए तूफान ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा में चार लोगों की मौत हो गई। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा। तूफान से किठौर, शाहजहांपुर, फलावदा और जानी क्षेत्र में आम और लीची के बागों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कई फलदार पेड़ जड़ से उखड़ गए। खेतों में खड़ी फसलें भी बर्बाद हो गईं। तूफान में जान गंवाने वालों में रुहासा गांव के अमित चौधरी शामिल हैं। वे अपने 9 वर्षीय बेटे विहान के साथ बाइक से लौट रहे थे। ग्राम बड़कली के पास पीपल का पेड़ गिरने से उनकी मौत हो गई। चमन कॉलोनी, लिसाड़ी गेट निवासी डॉ. सुबहान सैफी (25) देहरादून से मेरठ लौट रहे थे।

# मजिस्ट्रेट की गाड़ी ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर

**मेजा में 6 लोग घायल, एक महिला की हालत नाजुक, ड्राइवर फरार**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज , घूरपुर थाना क्षेत्र में एक सरकारी गाड़ी ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसा अमरेहा गांव की सब्जी मंडी के पास हुआ। गाड़ी पर मजिस्ट्रेट लिखा था। इसकि वीडियो भी वायरल हो रही है। टक्कर में ई-रिक्शा में सवार 6 लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसरा पहुंचाया। घायलों में 55 वर्षीय बेला कली की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। अन्य घायलों में रिंकू पासवान (27), पिंकी (26), श्याम निरंजन (27), और 10 माह का प्रेम शामिल हैं। सभी लोग शादी समारोह में जाने के लिए पांडर की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों



के अनुसार, यह गाड़ी बारा तहसीलदार की है। गाड़ी में एक ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार था। हादसे के बाद दोनों गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस और प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

## रोडवेज बस और कंटेनर की टक्कर

**दो यात्री घायल, मिर्जापुर मार्ग पर दो घंटे तक जाम**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, यमुनापार स्थित डांडी क्षेत्र में रोडवेज बस और कंटेनर की टक्कर हो गई। हादसे में दो यात्री घायल हो गए। बस के पीछे चल रही एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल यात्रियों में अतर्रा बांदा के हड़हा मासी निवासी 15 वर्षीय अनिल और शेरबा निवासी 67 वर्षीय केशव प्रसाद शामिल हैं। दोनों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा नैनी की तरफ से आ रहे कंटेनर और बस के बीच हुआ। बस अचानक कंटेनर से पीछे से टकरा गई। इस दुर्घटना के कारण मिजार्पुर मार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उनका किराया वापस कर दिया गया। घटना के बाद कंटेनर और बस चालक के बीच विवाद हुआ, जिसे स्थानीय लोगों ने शांत कराया।

# बेलन नहर में बाइक समेत गिरा युवक

**पुलिया से टकराने के बाद हादसा, गोताखोरों ने सुबह निकाला शव**

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, कोरांव क्षेत्र के बढ़वारी कला गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक पुलिया से टकराकर बेलन नहर में गिर गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। चांदी गांव निवासी 30 वर्षीय पिंटू आदिवासी अपने साथी दिनेश आदिवासी के साथ बरहुला कला गांव में बारात में जा रहा था।कोरांव-ड्रमंडगंज मार्ग पर बढ़वारी कला गांव के पास बेलन नहर की पुलिया से उनकी बाइक टकरा गई। बाइक नहर में गिर गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने दिनेश को बचा लिया। उसे इलाज के लिए भेजा गया। पिंटू का पता नहीं चल सका। रात में पुलिस ने काफी



खोजबीन की। सुबह गोताखोरों की टीम ने नहर में पत्थर के नीचे से पिंटू का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक पांच भाइयों में सबसे बड़ा था और तीन बच्चों का पिता था। घटना से परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जर्जर बिजली का खंभा और तार

**हाईटेंशन लाइन के सहारे टिका पोल, ग्रामीणों ने बिजली विभाग को किया सूचित**

अमन लेखनी समाचार

बागपत, कस्बा रटौल के वार्ड नंबर-13 शिवपुरी में बिजली विभाग की लापरवाही सामने आई है। यहां एक लोहे का पोल जर्जर हो गया है। यह पोल केवल हाईटेंशन तारों के सहारे टिका हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह मार्ग खेतों की ओर जाने का मुख्य रास्ता है। इस रास्ते से रोजाना दर्जनों किसान, ग्रामीण और बच्चे गुजरते हैं। हवा के तेज झोंके से पोल गिरने की आशंका है। ग्रामीणों ने जर्जर तार और विद्युत पोल का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। उन्होंने



कहा कि अगर विद्युत तार और लाइन नहीं बदली गई तो किसी हादसे की स्थिति में विद्युत विभाग जिम्मेदार होगा। स्थानीय लोगों ने इस खतरे की सूचना कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों को दी है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे क्षेत्र के लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पोल को तुरंत बदलने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान न होने पर वे प्रदर्शन करेंगे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से गई लाइनमैन की जान

**शटडाउन के बावजूद शुरू हुई सप्लाई, करंट लगने से खंभे से गिरा संविदाकर्मी**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, कंकरखेडा में एक संविदा लाइनमैन की करंट लगने से मौत हो गई। झिझोखर निवासी 35 वर्षीय बिट्टू कंकरखेडा बिजली घर पर कार्यरत था। आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान यह हादसा हुआ। बिट्टू सरधना रोड पर नगला तहसील शिवपुरम के पास टूटी विद्युत लाइन को ठीक कर रहा था। उसने नियमानुसार शटडाउन ले रखा था। इसी दौरान अचानक बिजली आपूर्ति शुरू हो गई। करंट लगने से बिट्टू बुरी तरह झुलस गया और खंभे से नीचे गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत कैलाशी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों और



ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। जिला पंचायत सदस्य सम्राट मलिक ने शटडाउन के बावजूद बिजली आपूर्ति शुरू करने वाले की पहचान और 15 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। सीओ दोराला पीसी अग्रवाल ने परिजनों को आर्थिक मदद का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। देर रात मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## निमार्णाधीन मकान से बकरे चोरी

**कार सवार चोरों ने दो बकरे लेकर फरार, घटना सीसीटीवी में कैद**



अमन लेखनी समाचार

बागपत, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के खेकड़ा कस्बे में चोरों ने एक निमार्णाधीन मकान से दो बकरे चोरी कर लिए। मकान मालिक दानिश मलिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। दानिश मलिक ने बताया कि वह निर्माण कार्य के दौरान दूसरे मकान में रह रहे हैं। उनके निमार्णाधीन मकान में दो बकरे बंधे हुए थे। इन बकरों की कीमत लगभग 80 हजार रुपए है। रात के समय चोर वैगनआर कार में आए और बकरों को चुरा ले गए। चोरी की आवाज सुनकर दानिश मकान की तरफ दौड़े। लेकिन तब तक चोर बकरों को कार में डालकर फरार हो चुके थे। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक वैगनआर कार जाती हुई दिखाई दे रही है। पीड़ित का कहना है कि इसी कार में चोर बकरों को ले गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# मिल का बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग

- किसान यूनियन ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मंत्री ने दिया आश्वासन

अमन लेखनी समाचार

बागपत, भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी को मलकपुर मिल का बकाया गन्ना भुगतान कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा। भाकियू (प्रधान) के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि मलकपुर गन्ना मिल समय पर भुगतान नहीं कर रही है। इससे किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वे अपने जरूरी काम भी पूरे नहीं कर पा रहे हैं। किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती जा रही है। गन्ना भुगतान की मांग पर उन्हें सिर्फ आश्वासन मिलता है। प्रभारी मंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कलेक्ट्रेट में किसानों से मुलाकात की।



उन्होंने जल्द ही गन्ना भुगतान कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमोद, राजेंद्र, हरपाल सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

# पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़

**एक बदमाश को लगी गोली, दो गिरफ्तार; अवैध हथियार और कार बरामद**

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंद्राबाद थाना पुलिस और स्वाट टीम ने रात बरार मार्ग पर दो गौ तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान बरार रोड गुलावठी की तरफ से एक संदिग्ध सफेद कार आई। पुलिस ने कार को रोकने का इशारा किया। बदमाशों ने कार नहीं रोकी और पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस ने कुछ दूरी पर उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने पुलिस पर फिर गोलीबारी की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान इकबाल पुत्र शाहिद निवासी संभलहेड़ा, थाना मीरापुर,



मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। दूसरे बदमाश की पहचान गुलजार पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी बजहेड़ी, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बदमाश शातिर गौ तस्कर हैं। इन्होंने 16 अप्रैल को सिकंद्राबाद थाना क्षेत्र में गौवंश को वाहन में भरकर ले जाने की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में थाना सिकंद्राबाद में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस केस में दो अन्य बदमाशों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने बदमाशों से अवैध हथियार, कारतूस और कार बरामद की है।

# किसान यूनियन ने तहसील में दी आंदोलन की चेतावनी



**6 मांगों का ज्ञापन सौंपा, एसडीएम ने जल्द समाधान का दिया आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार

जेवर, ग्रेटर नोएडा में भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के नेतृत्व में तहसील परिसर में बैठक हुई। किसान नेताओं ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को 6 मांगों का ज्ञापन सौंपा। उपजिलाधिकारी ने सभी मांगों पर विचार कर जल्द समाधान का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष श्यामवीर नागर ने कहा कि अगर मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में आंदोलन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बॉबी नागर और मेरठ मंडल महासचिव रविंद्र नागर मौजूद थे। इसके अलावा जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर, तहसील अध्यक्ष वेदपाल शर्मा और युवा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह भी शामिल हुए। ओमप्रकाश, जगत सिंह, धीरज प्रमुख, लीले, जयकिशन, गजराज, हरिंद्र नागर, रोहित नागर, रोहतास नागर, पंकज और सहदेव मोहन पंडित समेत कई कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# बिजली तार चोरी गैंग का भंडाफोड़

**7 आरोपी गिरफ्तार, 36 कुंतल तार बरामद; एमपी से जुड़े तार**

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, लिसाड़ी गेट पुलिस ने बिजली के तार चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर 36 कुंतल 30 किलो चोरी का तार बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सत्यराम, संदीप, ताहिर, फैजान, दीन मोहम्मद, मुस्तईन और महबूब शामिल हैं। कैंटर मालिक सत्यराम मध्य प्रदेश का रहने वाला है। चालक संदीप मैनपुरी का निवासी है। पुलिस की जांच में सामने आया कि गैंग मेरठ समेत उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तार चोरी कर रहा था।

चोरी के तार श्यामनगर निवासी ताहिर कबाड़ी के गोदाम में बेचे जाते थे। पुलिस ने पहले तीन आरोपियों को पकड़ा। उनकी निशानदेही पर चार अन्य आरोपी गिरफ्तार किए गए। पुलिस के मुताबिक, गैंग लंबे समय से



सक्रिय था और अब तक करोड़ों रुपए के तार चोरी कर चुका है। पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों और कबाड़ी ताहिर की तलाश कर रही है। अधिकारियों ने गिरफ्तार आरोपियों की संपत्ति की जांच का भी आदेश दिया है। गैंग के मध्य प्रदेश कनेक्शन की भी गहन जांच की जा रही है।

# पुलिस ने गैंगस्टर तस्लीम को दौड़ाकर पैर में गोली मारी

- गाजियाबाद में पहली गौकशी के लिए गोवंश की रेकी करता, बाद में गाड़ी डालकर ले जाता

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, कोतवाली पुलिस ने देर रात एनकाउंटर में गैंगस्टर तस्लीम को अरेस्ट किया है। जिसके पुलिस ने दौड़ाकर पैर में गोली मारी है। चैकिंग के दौरान जब पुलिस ने बाइक सवार को रुकने का इशारा किया तो पुलिस पर तमंचे से फायर झोंक दिया। जिसके बाद घेराबंदी कर पुलिस ने पैर में गोली मारी। तसलीम पर गैंगस्टर समेत 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद में कोतवाली थाना पुलिस गुरुवार रात क्षेत्र में संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान विजयनगर सिद्धार्थ विहार की तरफ से विजयनगर फ्लाई ऑवर ब्रिज के ऊपर से मैट्रो स्टेशन की तरफ बाइक सवार आता दिखा। पुलिस ने जब बाइक को रोकने का प्रयास किया तो वह अपनी बाइक को फ्लाई ऑवर से इको पार्क की तरफ कच्चे रास्ते पर भागने लगा। पुलिस को देखकर बाइक छोड़ी और तमंचे से फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस की फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश का नाम तसलीम पुत्र मोहम्मद सलीम उर्फ लंगडा निवासी हाकीपुर थाना मुरादनगर



कमिश्नरेट गाजियाबाद है। एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बताया कि तसलीम पर गैंगस्टर व गौकशी के केस दर्ज हैं। वह अपने साथी के साथ मिलकर रात में सुनसान स्थानों पर गायों की रेकी करता। उसके बाद उन्हें कटान के लिए जाता। पुलिस ने मौके से एक चोरी की बाइक, एक तमंचा और 700 रुपये भी बरामद किए हैं।

## संक्षेप

### मयंक गुप्ता बने राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के जिला महामंत्री

अमन लेखनी समाचार

झांसी। राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल किशोर पाण्डेय, राष्ट्रीय कार्य वाहक अध्यक्षा महिला प्रकोष्ठ मन्जू तिवारी, राष्ट्रीय मन्त्री डॉक्टर विभा द्विवेदी, राष्ट्रीय प्रभारी व राष्ट्रीय सदस्यता प्रमुख, राष्ट्रीय प्रभारी शिक्षा संस्कृति व विधि प्रकोष्ठ, श्री मयंक ढैंगुला के द्वारा मयंक गुप्ता को जिला महामन्त्री झांसी मनोनीत किया गया।मनोनयन के उपरांत मयंक गुप्ता ने बताया की संगठन की जो जिम्मेदारी मुझे मिली है उसे हम पूरी निष्ठा के साथ जिम्मेदारी से निभाएंगे एवं संगठन के प्रति मजबूती से काम करेंगे। मयंक गुप्ता एक व्यापारी एवं समाजसेवी सुशील गुप्ता के पुत्र है।इस मौके पर डीकू जैन, अनिल वशिष्ठ, सुनील चौहान अखिलेश तिवारी सहित सैकड़ो लोगो ने मयंक गुप्ता का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

### अधेड़ युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर।अज्ञात कारणो से एक अधेड़ युवक ने साफी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। खबर सुनते ही ग्रामीणों का घटना स्थल पर जमावड़ा लग गया। पुलिस ने घटना स्थल में पहुंच शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू दिया। जानकारी के अनुसार विवांर थाना क्षेत्र के लरौंद गांव निवासी संतराम यादव 40 वर्ष पुत्र शिवराम यादव गांव से कुछ दूर खेतों में चिल्ला के पेड़ में साफी से गले में फंदा डालकर झूल गया जब चरवाहे सुबह जानवर लेकर गए पेड़ पर लटकते शव को देखा तो होश उड़ गए और आनंन-फानन परिजनों एवं ग्रामीणों को सूचना दिया ग्रामीणों का घटनास्थल पर जमावड़ा लग गया वहीं पुलिस को सूचना दी गई विवांर थाना पुलिस शव को पेड़ से उतार पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतक अपने छह भाइयों में चौथे नंबर का था अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया।

# श्रीमद भागवत कथा में भगवान की बाल लीला का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार



मौदहा।क्षेत्र के ग्राम छानी के शिवालय मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को पण्डित राघवेंद्र महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं।

पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी-'मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं।ह्यअच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदाजी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्णज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े।

महाराज ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है कथा में राधे कृष्ण गोविंद गोपाल राधे राधे भजन ऊपर भक्तों ने खूब आनंद उठाया इस मौके पर परीक्षित बने दयाराम, श्यामकुंवर भइयालाल, मनकी, रामेश्वर (लाली) फुलझर श्रीपाल, कुन्ता, कामता, ज्ञानवती, बालकिशोर, माया गयाप्रसाद, राजेश कुमार, चन्द्रपाल, इन्द्रपाल ताँती, मुन्ना, रविकरन, मोहनलाल, हीरालाल रामस्वरूप, मुन्ना, कालीचरन, रामविशाल, नन्दकिशोर देवपाल, उद्रपाल, कैलाश, अभिनव, विनोद, शिवम्, जय सत्यम्, अंकित, सूरजबली, लल्लू, बल्लू, बउवा, एवं समस्त पाल परिवार

# उत्तम उद्योग व्यापार मंडल के द्वितीय संपर्क कार्यालय का किया गया उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में रविवार को उत्तम उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश फतेहपुर का द्वितीय संपर्क कार्यालय का उद्घाटन प्रेम मेडिकल स्टोर लखनऊ रोड माहपुर फतेहपुर पर मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने फीता काट कर किया।जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने मिष्ठान वितरित कर व्यापारियों को हार्दिक बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित संकलन एवं निस्तारण की लिए जिले के विभिन्न हिस्सों में संगठन के संपर्क कार्यालय खोले जा रहे हैं, व्यापारी गण किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संगठन को अवश्य अवगत कराएं।जिलाध्यक्ष मनोज साहू ने कहा कि व्यापारी हितों के रक्षा के लिए संगठन सदैव तत्पर हैं।उपरोक्त मौके पर प्रेमदत्त उमराव, श्रवण कुमार दीक्षित, संदीप श्रीवास्तव, जय किशन, संजय गुप्ता, प्रशांत सिंह चौहान, राजकुमार गुप्ता, सलामत अली, धनंजय मिश्रा, भंवर सिंह, अजीत विद्यार्थी, सोनू शुक्ला, मो असलम, प्रमोद महाजन, लकी साहू, सर्वेश गुप्ता, विकास कश्यप, मेंहदी हसन, मो तौफीक, अरविंद गुप्ता, मो शाहिद, रवि श्रॉफ, सर्वेश गुप्ता, मो अहमद कासिफ सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब किनारे झाड़ियों में मिला रेल कर्मचारी का शव

## मृतक के सिर व शरीर पर कई जगह चोटों के निशान, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बंथरा इलाके में एक 38 वर्षीय चतुर्थ रेल कर्मचारी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार शाम करीब 6 बजे घर से लगभग 50 मीटर दूर तालाब किनारे झाड़ियों में अर्धनग्न अवस्था में औंधे मुह पड़ा मिला। वह शनिवार रात घर से किसी काम के लिए जाने की बात कह कर निकाला था। मृतक के सिर व शरीर पर कई जगह चोटों के निशान पाए गए हैं। ग्रामीणों ने शव पड़ा देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची बंथरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। बंथरा के दरियापुर निवासी सिद्धि प्रसाद लोधी (38) आलमबाग स्थित 40 क्वार्टर के पास रेलवे के स्टोर में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर



मृतक का फाइल फोटो

नौकरी करते थे। सिद्धि प्रसाद की पत्नी मंजू देवी के मुताबिक शनिवार को सिद्ध प्रसाद का साप्ताहिक अवकाश था। जिसकी वजह से वह घर पर ही था। मंजू का कहना है कि उसके पति सिद्धि प्रसाद शनिवार रात करीब 11 बजे जरूरी काम से आधा घंटे के लिए कहीं जाने की बात कह कर निकले, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे।



रोते बिलखते परिजन – फोटो

तब रविवार सुबह मंजू ने पड़ोस के ही एक व्यक्ति से सिद्धि प्रसाद के मोबाइल पर कॉल कराइ, लेकिन कई बार फोन करने के बाद भी सिद्धि प्रसाद का फोन रिसीव नहीं हुआ। जिसके बाद उसने आसपास काफी खोज बीन की, लेकिन सिद्धि प्रसाद का कहीं अता पता नहीं चला। बाद में मंजू ने इसकी तहरीर बंथरा थाने में दी और खुद पति की तलाश में जुट गई। वह सिद्धि प्रसाद की तलाश कर ही रही थी, तभी रविवार शाम करीब 6 बजे उसके घर से करीब 50 मीटर दूर तालाब की तरफ शौच करने पहुंचे गांव के ही एक युवक को सिद्धि प्रसाद तालाब के किनारे झाड़ियां में औंधे मुंह मृत पड़ा मिला। उसके चप्पल, मोबाइल, शर्ट और पैंट बगल में ही पड़े थे। जबकि उसके सिर से खून बहने के साथ ही शरीर में कई जगह चोटों के निशान थे। यह देखते ही युवक ने इसकी सूचना मृतक के परिवार वालों को दी। बाद में परिवार वालों ने मौके पर पहुंचकर इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक की पत्नी मंजू का कहना है कि उसकी हत्या की गई है। मंजू ने बताया कि उसके पति सिद्धि प्रसाद जहां नौकरी करते थे, वहां से काफी दिनों पहले ऋण लिया था और दोबारा फिर ऋण लेने को कह रहे थे। परिवार वालों ने बताया कि सिद्धि प्रसाद के पिता छोटे लाल की 15 वर्ष पहले मौत हो गयी थी। जिसके बाद पिता की जगह पर ही सिद्धि प्रसाद को नौकरी मिली थी। वहीं मृतक के परिवार में पत्नी मंजू देवी के अलावा दो बेटी कोमल, पायल और बेटा आरुष है।

# अमौली क्षेत्र की युवती कानपुर जनपद क्षेत्र से हुई गायब

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर।जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय युवती नजदीकी जनपद हमीरपुर के दुगार्पुर मोड़ से लापता हो गई जहां मां ने नजदीकी थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह द्वारा मिली जानकारी के अनुसार युवती अपनी पारिवारिक चाची के साथ हमीरपुर जनपद कोतवाली क्षेत्र के मडइया (मवईया) गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम में गई थी विगत दिवस शनिवार को चाची के साथ ही वापस आ रही थी जहां सजेती थाना क्षेत्र के दुगार्पुर मोड से अचानक युवती गायब हो गई काफी खोजबीन के पश्चात पारिवारिक चाची ने परिजनों को सूचना दी जहां सभी पारिवारिक जन आसपास ढूंढने का पूर्ण प्रयास किया परंतु प्रयास निरर्थक रहा खोजबीन के पश्चात युवती के न मिलने पर युवती की मां गोमती देवी ने थाना चांदपुर में लिखित तहरीर देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर जांच प्रारंभ की गई है तथा युवती की खोजबीन जारी है

### मोटर पम्प खराब होने से जखेला में पेयजल संकट

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के जखेला गांव में बीते दो दिनों से एकल पेयजल योजना की मोटर पम्प खराब होने से ग्रामीणों को गांव के बाहर लगे हैंडपंप व निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। विकास खंड क्षेत्र के जखेला गांव में बीते दो दिनों से एकल पेयजल की आपूर्ति न होने से ग्रामीणों को पानी के लिए बड़ी ही किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण अपनी प्यास बुझाने के लिए गांव के बाहर लगे हैंडपम्प व निजी नलकूपों का सहारा ले रहे हैं। गांव के उत्तम कुमार आदि ने बताया की दो दिनों से पानी की आपूर्ति न होने से बड़ी ही समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पीने व नहाने के लिए गांव के बाहर लगे हैंडपम्प व कुएं व निजी नलकूपों का सहारा लेना पड़ रहा है। जल संस्थान के लिपिक राजेंद्र प्रसाद से बात की तो उन्होंने बताया कि नलकूप का मोटर पंप जल जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था बाधित है। दो दिन बाद मोटर पंप बदलकर पेयजल आपूर्ति शुरू कराई जाएगी।

# सूबेदार जी की पुस्तकें दिखा रही जीने की राह

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्रः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जीवनव्रती प्रचारक सूबेदार जी की दो पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं, जो भारतीय संस्कृति और इतिहास को समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनकी पुस्तक 'महाराजा हरि सिंह' जम्मू कश्मीर के महाराजा के जीवन और राष्ट्रीय योगदान पर आधारित है, जबकि 'मनुस्मृति की अवधारणा' भारतीय संस्कृति के चिरंतन सत्य और समाज तथा धर्म की अवधारणा को पुष्ट करती है।

### राष्ट्रवादी व्यक्तित्व थे महाराजा हरि सिंह

सूबेदार जी ने अपनी पुस्तक में लिखा है कि महाराजा हरि सिंह राष्ट्रवादी व्यक्तित्व थे, जबकि जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर विषयक नीतियों से उनकी टकराहट हुई थी। पुस्तक में दोनों की टकराहट की कथा है, जिससे नेहरू की कश्मीर विषयक असलियत का पता चलता है।

### भारतीय संस्कृति की आत्मा को समझने में सहायक

'मनुस्मृति की अवधारणा' पुस्तक भारतीय संस्कृति की आत्मा को समझने में सहायक है। इसमें लिखा है कि भारतीयता की अभिव्यक्ति राजनीति के द्वारा न होकर उसकी संस्कृति के द्वारा ही होगी। तभी हम पुनः भारत को विश्व में प्रतिस्थापित कर पाएंगे।

### जीने की राह दिखाती हैं पुस्तकें

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह बृजेंद्र सिंह और विभाग के गो संवर्धन प्रमुख नंदलाल शुक्ल ने बताया कि सूबेदार जी की दोनों पुस्तकें एक आदमी को जीने की राह सुझाती प्रतीत होती हैं। ये पुस्तकें पाठकों को भारतीय संस्कृति और इतिहास को समझने में सहयोग प्रदान करेंगी।

# दी उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन का चुनाव निरस्त

**(सहायक रजिस्ट्रार ने याचिकाकर्ता एवं अध्यक्ष प्रत्याशी पूर्णेंदु शर्मा के दलीलों से सहमत होते हुए तत्कालीन अध्यक्ष/सचिव को एक माह के अंदर पुनः चुनाव कराने का निर्देश दिया)**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र।सहायक रजिस्ट्रार, फर्म, सोसाइटीज एवं चिट्स, वाराणसी ने दी उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन के प्रांतीय संघ के लिए विगत 25 जनवरी को शिकोहाबाद में हुए चुनाव को निरस्त करते हुए तत्कालीन अध्यक्ष एवं सचिव को एक माह के अंदर निष्पक्ष एवं तटस्थ चुनाव अधिकारी की नियुक्ति कर पुनः चुनाव कराने का निर्देश दिया । सहायक रजिस्ट्रार द्वारा ये एतिहासिक फैसला उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर याचिकाकर्ता सहित विरोधी पक्ष के द्वारा प्रस्तुत किए गए अभिलेखों, तथ्यों को दृष्टिगत करते हुए और याचिकाकर्ता एवं चुनाव में अध्यक्ष के प्रत्याशी रहे पूर्णेंदु शर्मा के साथ ही शिव कुमार अरोड़ा, सुरेश चन्द्र अग्रवाल, अनिल कुमार, अमित श्रीवास्तव, रीतेश कुमार सिंह, सुशील नागर, नवीन श्रीवास्तव द्वारा दाखिल शपथपत्रो एवं तत्कालीन चुनाव अधिकारी वी एन राय के पत्र दिनांक 30 जनवरी 2025 (जिसके द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किया गया था) को संज्ञान में लेते हुए लिया गया।

सहायक रजिस्ट्रार ने चुनाव में अध्यक्ष निर्वाचित किए गए रमेश जायसवाल के दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि चुनाव अधिकारी ने चुनाव में गड़बड़ी की बात अपने द्वारा जारी पत्र में स्वयं स्वीकार कर ली थी और उनके द्वारा ये कहना कि विभिन्न पक्षों के बीच हुए समझौते के तहत चुनाव परिणाम घोषित किया गया, कही से भी साबित नही हो पाया जिसके कारण उक्त चुनाव अमान्य और निरस्त करने योग्य है।सहायक रजिस्ट्रार के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए याचिकाकर्ता एवं अध्यक्ष प्रत्याशी पूर्णेंदु शर्मा ने इसे अपने साथ लगे रहे सभी साथियों की जीत बताई।इस मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने खुशी जताते हुए कहा कि न्याय परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं।चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी रहे टैक्सेशन बार एसोसिएशन मिजार्पुर के उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने इसे बेईमानी की हार एवं ईमानदारी की जीत बताया।टैक्सेशन बार एसोसिएशन मिजार्पुर के अध्यक्ष अनिल कुमार जो स्वयं उक्त चुनाव में कार्यकारिणी के लिए उम्मीदवार थे ने भी सहायक रजिस्ट्रार के निर्णय पर खुशी जताई।

# मेमन जमात के शादी हाल का हर्षोल्लास के साथ किया गया उद्घाटन

**शैक्षणिक संस्थानों का हो रहा विस्तार**

अमन लेखनी समाचार

मुंबई , जामनगर हलाई मेमन जमात की ओर से जामनगर हलाई मेमन जमात हाल को पुनर्निर्मित किया गया जिसका उद्घाटन समारोह ९०, इस्माइल कर्टे रोड, मुंबई में आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि जामनगर हलाई मेमन जमात के अध्यक्ष डॉ. अब्दुर रज्जाक, एवं ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड के मुंबई अध्यक्ष आरिफ मेमन बापू, के हाथों से जामनगर हलाई मेमन जमात होल का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आल इंडिया हलाई मेमन जमात के अध्यक्ष इकबाल मेमन ने पत्रकारों को बताया की मालेगांव में हमारी जमात का पहला कालेज बनने जा रहा है हमने जमीन खरीद ली है जलगांव में हमारी जमात स्कूल चला रहे हैं और दूसरा शैक्षणिक संस्थान बनने जा रहा है डाभोल में कोलेज बनेगी उत्तर गुजरात में हमें जमीन मिली है सर्वे चालू है वहां पर भी कोलेज बनाया जाएगा, शिवसेना के विधायक अरविंद सावंत ने पत्रकारों को बताया की एक खुबसुरत हाल का उद्घाटन हुआ है मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है की गंदगी की जगह पर इतना खुबसुरत हाल बना दिया जिसमें शादी समारोह के लिए गरिब परिवारों को हाल दिया जाएगा। मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमर लकड़ावाला ने पत्रकारों को बताया की आज हलाई मेमन जमात ने बैन्कवेड हाल शादी समारोह के लिए उद्घाटन किया गया है में सभी मेमन जमात को मुबारकबाद देता हूं यह हाल गरिबों के परिवार को १२,०००/- में जमात मुहैया कराई गी और बाहर के लोगों के लिए १५,०००/- दिया जाएगा में दुआं करुंगा की हलाई मेमन जमात को अल्लाह तआला खुब नवाजें। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवसेना के सांसद अरविंद सावंत, भाजपा के पूर्व विधायक अतुल हंसमुखलाल शाह, आल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के अध्यक्ष इकबाल मेमन, शिवसेना की उपाध्यक्ष सौ, आशा विचारे, मुंबई कोंग्रेस के आल इंडिया हलाई मेमन जमात के अध्यक्ष इकबाल मेमन मुंबई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमर लकड़ावाला, हाजी रियाज मेमन - उपाध्यक्ष, अल्ताफ एम. हुसैन होली - सचिव एवं प्रबंध समिति, अयाज बांगी साहब, अखिल भारतीय उलेमा बोर्ड के महिला सदस्य जुलैखा शैख, नसीम मुककडिया, रहीम पटनी, सकिल मनियार, रिजवान कुरैशी, की उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ।

# 122 वा एपीसोड पीएम की मन की बात कार्यक्रम को सुना गया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।रविवार को सुबह 11:00 प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का 122 वां एपिसोड बूथ से लेकर मंडल तथा जिले तक सभी जगह बड़े ही उत्साहके साथ सुना गया। मन की बात कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने पहलग्राम हमले के दोषियों को भारत के द्वारा लिए गए बदले के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा हमें अपने देश की सेना पर गर्व है। जिन्होंने पाकिस्तान के अंदर बने आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त किया। इस सिंदूर ऑपरेशन को देखकर भारत के सभी देशवासियों ने शहरों में गांव में तिरंगा



यात्रा निकालकर खुशी जाहिर की। इसी प्रकार उन्होंने देश में बने उत्पादों को बढ़ावा देने के बारे में भी कहा। ओलंपिक खेलों के बारे में भी जानकारी दी। इसी तरह की तमाम जानकारी प्राप्त करके लोग उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प भी ले रहे हैं ताकि देश आगे बढ़ सके। आज की इस मन की बात कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष तथा बूथ के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने चिन्हित स्थानों पर लोगों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री जी की मन की बात कार्यक्रम को सुना और सराहा।

# खाना बनाते फटा गैस सिलेंडर दो घरों में लगी आग गृहस्थी का सामान हुआ राख

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।जनपद के ममना गांव में रविवार दोपहर लगभग 3 बजे गोविंदास धोबी की पत्नी सोमवती अटारी में गैस पर खाना बना रही थी तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई आग लगने पर पहले सोमवती ने गैस सिलेंडर की आग बुझाने का प्रयास किया। जब आग उससे न बुझ सकी तो घर के बाहर आकर चिल्लाने लगी जिससे गांव के लोग इकट्ठे हुए और आग बुझाने लगे सिलेंड होने के कारण आग बुझाने में दिक्कत हुई। गैस सिलेंडर भी फट गया। गनीमत रही कि जन हानि नहीं हुई। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। वहीं फायर बिग्रेड की गाड़ी देर समय बाद पहुंची। प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ने बताया कि गोविंदास और हरगोविंद दो भाई है। दोनों के मकान आपस में जुड़े हुएं हैं। गोविंदास की पत्नी खाना बना रही थी तभी गैस सिलेंडर में आग लग गई और सिलेंडर फट गया। आग ने पूरी अटारी को अपनी आगोश में ले लिया जिससे अटारी में रखा गृहस्थी के सामान में हरगोविंद का पूरा सोने चांदी के जेवरात एवं अलमारी में रखे जरूरी दस्तावेज सहित कपड़े सभी जलकर राख हो गए। साथ में नगदी पन्द्रह हजार रुपए सहित लोहे के बक्से भी जल गए। वहीं गोविंदास का सामान सहित अनाज जलकर राख हो गया। दोनों भाई पत्नी सहित मिलकर मजदूरी करते है। दोनों के छोटे छोटे बच्चे है, घटना से पूरा परिवार दुखी है।

# आप कार्यकर्ताओं ने सीएचसी में चलाया स्वच्छता अभियान




अमन लेखनी समाचार

मौदहा, हमीरपुर। कस्बे के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आप कार्यकताओं ने पार्टी के आव्हान पर सफाई अभियान चलाया। रविवार को कस्बे के समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी के आव्हान पर पार्टी जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता के नेतृत्व में रचनात्मक कार्यक्रम के तहत साफ-सफाई अभियान चलाया गया।जिसमें समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में पार्टी कार्यकताओं द्वारा झाडू लगाकर गंदगी को साफ किया गया और स्वच्छता का संदेश दिया।इस दौरान नगर अध्यक्ष गुलाम मुहम्मद, त्रिलोक चन्द्र, अनिल शिवहरे, सहित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं उपस्थित रहे।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### टेलीविजन सीरिज से करियर शुरू करने वाले जॉर्ज ने निभाए कई यादगार किरदार



हॉलीवुड एक्टर जॉर्ज क्लूनी ने लगभग 45 साल के अपने एक्टिंग करियर में कई फिल्मों में अभिनय किया, साथ ही कुछ चर्चित फिल्में निर्देशित भी की हैं। जॉर्ज क्लूनी का जन्म अमेरिका के लेक्सिंगटन, केंटकी में हुआ। मां नीना ब्रूस अपने समय की ब्यूटी क्वीन रहीं, वहीं पिता निक क्लूनी नामी टेलीविजन होस्ट और जर्नलिस्ट थे। बड़े होकर जॉर्ज क्लूनी भी पिता की तरह ही जर्नलिस्ट बनना चाहते थे, उन्होंने जर्नलिज्म की पढ़ाई भी की। आगे चलकर जर्नलिस्ट बनने का इरादा छोड़ दिया, जॉर्ज को लगता था कि पिता से उनकी तुलना की जाएगी। इसके बाद जॉज क्लूनी ने एक्टर बनने की तरफ कदम बढ़ा दिए। साल 1978 में जॉर्ज क्लूनी ने एक मिनी टेलीविजन सीरीज 'सेंटेनियल' में एक्सट्रा आर्टिस्ट का रोल करके एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल में नजर आए। साल 1994 में 'ईआर' नाम का एक मेडिकल ड्रामा सीरियल टीवी पर रिलीज हुआ, इसमें डॉ. रॉस का कैरेक्टर जॉर्ज क्लूनी ने निभाया, इस किरदार ने उन्हें चर्चित एक्टर बना दिया। कई सालों तक वह इस शो में नजर आए। इसी शो के दौरान फिल्मों में भी नजर आने लगे। जॉर्ज क्लूनी की पहली हॉलीवुड फिल्म 'डस्क टिल डॉन' थी। 1999 में टीवी शो 'ईआर' जॉर्ज क्लूनी ने छोड़ दिया और पूरी तरह से हॉलीवुड फिल्मों पर फोकस करने लगे। जॉर्ज क्लूनी ने कई हिट हॉलीवुड फिल्मों में काम किया, जिसमें 'डस्क टिल डॉन (1996)', 'कन्फेशंस ऑफ ए डेंजरस माइंड (2002)', 'थ्री किंग्स (1999)', 'अप इन द एयर (2009)', 'गुड नाइट, एंड गुड लक (2005)', 'सीरियाना (2005)' शामिल है। सबसे ज्यादा चर्चा जॉज क्लूनी की फिल्म 'ओशियंस इलेवन' (2001) को मिली, यह फिल्म तीन भागों में बनी। इस फिल्म को हॉलीवुड में जितना सराहा गया, भारतीय दर्शकों को भी यह फिल्म खूब पसंद आई।

## टॉलीवुड

### सामंथा ने शेयर कीं दिलकश तस्वीरें, साथ में बताई फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट



साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कुछ तस्वीरें 'शुभम' फिल्म के क्रू मेंबर्स के साथ भी शेयर कीं, लेकिन फैंस के लिए सामंथा ने खास अपनी आगामी फिल्म 'शुभम' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है, जिसे लेकर एक्ट्रेस के फैंस बेहद खुश हैं। पहली तस्वीर में सामंथा व्हाइट शूट में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। इस एक तस्वीर में सामंथा के लुक के साथ खास दिखाई दिया उनका ईवील आई नेकलेस। साथ ही इस तस्वीर में सामंथा के करीब एक डॉगी भी बैठा हुआ नजर आ रहा है। दूसरी तस्वीर में सामंथा कुछ सोचती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कान दिखाई दे रही है। तीसरी तस्वीर में सामंथा के वेवी हेयर किसी का भी दिल जीत लेंगे। चौथी तस्वीर सूरजमुखी फूलों की है। पांचवीं तस्वीर में सामंथा प्लेन गोल्डन वर्क साड़ी में पोज देती नजर आ रही हैं।'

छठी तस्वीर सामंथा की आने वाली फिल्म 'शुभम' के क्लैप बोर्ड के प्रोडक्शन हाउस की है। सातवी तस्वीर में सामंथा हाथ में बुके लिए मुस्कुराती नजर आ रही हैं। आठवीं तस्वीर में सामंथा का एक वीडियो है, जिसमें वह सैम नाम के एक छोटे बैग में अपना मेकअप कैरी करती दिखाई दे रही हैं। नवी तस्वीर एक टोपी की है, जिसके ऊपर टीवी की खास तस्वीर दिखाई दे रही है। 10वीं तस्वीर में एक डॉगी किसी को परेशान करता दिखाई दे रहा है। 11वां एक वीडियो है, जिसमें सामंथा और एक लड़की बड़े ही ध्यान से कहीं देखती नजर आ रही हैं। 12वीं तस्वीर में सामंथा अपनी फिल्म 'शुभम' के क्रू मेंबर्स के साथ सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं। इसके अलावा बाकी की तस्वीरें 'शुभम' टीम की हैं। सामंथा की आगामी फिल्म 'शुभम' 9 मई को रिलीज होगी। इन तस्वीरों और वीडियोज के साथ सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह एक लंबी यात्रा रही है, लेकिन हम यहां हैं नई शुरुआत

## भोजपुरी

### 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज, घरेलू कहानी में कई ट्विस्ट मिलेंगे दर्शकों को



भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें सुशील सिंह मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सुशील सिंह एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभा रहे हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी करता है और फिर तीसरी शादी भी करता है लेकिन अंत बहुत ही दुखद होता है।

भोजपुरी फिल्म 'कन्यादान 2' का ट्रेलर जारी हो गया है, जिसमें लीड रोल में सुशील सिंह नजर आ रहे हैं। वे एक ऐसे शख्स की भूमिका में हैं जो बच्चा न होने पर दूसरी शादी कर लेता है और इसके बाद तीसरी शादी की भी तैयारी कर रहा होता है। फिर कहानी कुछ ऐसे घूमती है कि अपनी पहली और दूसरी पत्नी को वो पत्नी के अधिकार से मुक्त कर देते हैं और कहानी में नया मोड़ तब आता है जब अलग होने के बाद पता लगता है कि दूसरी पत्नी मां बनने वाली है। उससे एक बेटी का जन्म होता है। जब ये खुशखबरी सुशील सिंह का किरदार को मिलती है तो वह बेटी का मुंह देखना तो चाहता है लेकिन दोनों बीवियां उन्हें पिता का अधिकार नहीं देना चाहती हैं।

बेटी माही बड़ी होती है और वो अपने पिता के लिए तरसती है जिसके बाद दोनों पत्नियां उसे रोक नहीं पाती हैं। अब जब बेटी की शादी की बारी आती है तो पिता अपनी बेटी का कन्यादान धूमधाम से करना चाहता है। इसके बाद कहानी कुछ ऐसे पलटती है कि पूरा घर मातम में बदल जाता है।

## भारतीय फैशन की झलक

लाइफ स्टाइल



नोएडा फिल्म सिटी में ड्रीम्ज प्रोडक्शन हाउस और दुबई ब्यूटी स्कूल का बहुप्रतीक्षित भारत डिज़ाइनर शो 2025 कई मायनों में अभूतपूर्व रहा। इसे भारतीय फैशन में अत्याधुनिक डिजाइन, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मक उत्कृष्टता का एक शानदार उत्सव कहना बेहतर होगा। सेलिब्रिटी शो स्टॉपर ज़ोया अफ़रोज़ ने यहां रनवे की शोभा बढ़ाई, जिससे शो की अपील और बढ़ गई। इस शो में दर्शकों को आधुनिक क्लासिक शैलियों से लेकर भविष्य की अवधारणाओं तक, अत्याधुनिक रुझानों का शानदार दृश्य देखने को मिला।

## गर्मियां आते ही पैरों में होने लगी है टैनिंग, इन तीन घरेलू उपायों से बनाएं खूबसूरत

यदि आपके भी पैरों की स्किन गर्मियों में टैन होने लगती है, तो आपके लिए इससे बचाव के घरेलू तरीके लेकर आए हैं। जिनकी मदद से आप सनबर्न की वजह से खराब हो चुकी स्किन को सही कर सकती हैं। इन उपायों को आप कम बजट में और बिना मेहनत के ठीक कर सकती हैं। यानि आप घर पर रखी चीजों की मदद से ही अपने पैरों की त्वचा को ठीक कर सकती हैं। इन घरेलू उपायों को हमारे साथ इंटरनेशनल मेकअप आर्टिस्ट कुशाग्री व्यास ने शेयर किया है।



### बेसन और दही

यदि गर्मियों में आपके पैरों में बहुत ज्यादा टैनिंग हो गई है तो उसके लिए बेसन और दही एक बेहतरीन उपाय है। इसकी मदद से आप अपने पैरों की स्किन को निखार सकती हैं। इसके लिए आपको बेसन और दही के साथ इसमें गुलाब जल को मिक्स करके उसका एक गाढ़ा पेस्ट बना लेना है। अब आपको इस पेस्ट को अपने पैरों पर लगाएं और तब तक लगा रहने दें। जब तक ये सूख न जाए। सूख जाने के बाद इसको मालिश करते हुए हटा दें। ऐसा आप हफ्ते में दो बार कर सकती हैं।

### शुगर पाउडर

यदि सनबर्न की वजह से आपके पैर बहुत ज्यादा खराब हो गए हैं तो आपके लिए शुगर पाउडर यानि पिसी हुई चीनी बेस्ट रहेगी। चीनी हमारी स्किन से डेड सेल्स हटाने में मदद करती है। ऐसे में आप शुगर पाउडर में थोड़ा पानी या गुलाब जल मिक्स करके उससे पैरों पर स्क्रब करें। हल्के हाथों से करीब आपको 5 से 10 मिनट तक मसाज करनी है। इसके बाद आप इसे पानी से वॉश कर लें। यह प्रक्रिया आप हफ्ते में एक बार दोहराएं।

### कॉफी पाउडर

पैरों की टैनिंग दूर करने के लिए कॉफी पाउडर भी आपकी मदद कर सकता है। कॉफी में पाए जाने वाले एक्सफोलिएटिंग गुण सनबर्न से झुलस चुकी त्वचा को ठीक करता है। इसके लिए आपको एक कटोरी में कॉफी पाउडर लेना है। उसमें आप थोड़ा दूध और एलोवेरा जेल मिक्स करें। अब इसमें पानी मिक्स करके एक गाढ़ा पेस्ट बना लें और इसको अपने पैरों पर अप्लाई करें। सूख जाने के बाद इसे वॉश कर लें।

## छोटे हाइट वाली लड़कियों को अट्रैक्टिव लुक देंगे खास डिजाइनर सूट



छोटे हाइट वाली महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहती हैं, कि आखिर ऐसा क्या पहना जाए कि लुक अट्रैक्टिव नजर आए। कम हाइट वाले लोगों को अपना लुक क्रिएट करने में काफी परेशानी आती है। आखिर ऐसा क्या पहना जाए जो कि उनकी पर्सनालिटी पर सूट करें। वहीं बात अगर इंडियन लुक की हो, तो फिर तो और भी ज्यादा सोचना पड़ता है। अगर छोटी हाइट वाली लड़कियां अपने लुक को ग्लैमरस बनाना चाहती हैं, तो आपको कपड़े के डिजाइन को लेकर उसके रंग और पैटर्न सभी पर ध्यान देना पड़ता है। तब जाकर वह ऑउटफिट आपके लुक को ग्रेसफुल बनाएगा।



अगर आपकी भी हाइट कम है और आप अपने लुक को खूबसूरत बनाने का सोच रही हैं, तो आज हम आपको कुछ डिफरेंट डिजाइन वाले सूट लुक्स दिखाने जा रहे हैं। जिनसे आप इंस्पिरेशन लेकर अपना लुक स्टाइलिश बना सकती हैं। ऐसे में आप जब भी कभी सलवार-सूट लेने जाएं तो नीचे बताए गए इन टिप्स को जरूर फॉलो करें। ताकि आपका लुक आकर्षक दिखने के साथ कॉन्फिडेंस से भरा रहे।

### वर्टिकल प्रिंट सूट चुनें

अगर आपकी हाइट छोटी है तो आपको हॉरिजॉन्टल स्ट्राइप्स की जगह वर्टिकल प्रिंट कुर्ती को सलेक्ट कर सकती हैं। ऐसी कुर्तियां कैरी करने के बाद आपकी हाइट लंबी नजर आती है। साथ ही, इस प्रिंट की कुर्तियां काफी स्टाइलिश लुक भी देती हैं। इनको आप किसी फंक्शन में भी कैरी करके जा सकती हैं। इसमें आपको हर स्टाइल की कुर्ती मिल जाएंगी। यह आपको ऑनलाइन 300 से लेकर 1000 रुपये तक की कीमत में मिल जाएंगी।

### स्मॉल प्रिंट सूट लगेंगे बेस्ट

जिन लड़कियों की हाइट कम होती है उन्हें हमेशा स्मॉल प्रिंटेड वाले सलवार-सूट का चयन करना चाहिए। ऐसे सूट कैरी करने के बाद उनके लुक में काफी ग्रेसफुल नजर आता है। ऐसे सूट पहनने के बाद हाइट थोड़ी ज्यादा नजर आती है। ऐसे में यदि आपको अपना लुक अट्रैक्टिव बनाना है तो स्मॉल प्रिंट वाले सूट ज्यादा खरीदें। यह सूट आपको 500 से 800 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।

## मिनटों में पाएं बड़ी और खूबसूरत आंखें, आसान तरीके से अप्लाई करें आईलाइनर

मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन जब भी आई लाइनर अप्लाई करने की बात आती है, तो हम अलग-अलग ट्रिक्स को ट्राई करते हैं। छोटी आंखों को बड़ा दिखाने के लिए भी आप कुछ आसान तरीकों के बारे में जानें। मेकअप करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए कई सारे लोग ऑनलाइन वीडियो देखकर अपने मेकअप को फ्लॉलेस तरीके से करते हैं। वहीं कुछ लोग पार्लर जाकर मेकअप करवाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि लुक खराब नहीं होना चाहिए। लेकिन जब आई लाइनर लगवाने की बात आती है, तो हमें अक्सर दिक्कत होती है। कई बार तो लाइनर लगाते समय ही फैल जाता है। कई बार मोटा लग जाता है, तो इससे आंखे छोटी लगने लगती है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीके से काजल को लगाएं, ताकि आपकी आंखें बड़ी नजर आए।

### छोटी आंखों पर लगाएं आईलाइनर

आपकी आंखें छोटी होती है। इसलिए ज्यादातर लोग अपनी आंखों पर काजल लगाना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। लेकिन



आप चाहें तो लाइनर को भी अपनी आंखों पर अप्लाई कर सकती हैं। इससे आपकी आंखे बड़ी नजर आएंगी। बस आपको कुछ आसान तरीके को ट्राई करना है। इससे आपको लाइनर लगाना भी सही तरीके से आ जाएगा।

### लिक्विड आईलाइनर करें इस्तेमाल

कई बार हम पेंसिल आईलाइनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन आंखें अगर छोटी हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड आईलाइनर का इस्तेमाल करें। इसमें कलर ज्यादा डार्क आता है। ऐसे में जब यह आईलाइनर आंखों पर लगता है, तो आंखे बोल्ड नजर आएंगी। आई लाइनर को लगाने के लिए पहले आप छोटे-छोटे डॉट को आंखों पर बनाएं। इसके बाद

## ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ खूब जचेंगे चोकर नेकलेस

अगर आप भी अपने ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ पहनने के लिए नेकलेस सेट तलाश रही हैं, तो खूबसूरत चोकर डिजाइन नेकलेस आपके लिए बेस्ट हो सकते हैं।

### खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट

अगर आप अपने घर के फंक्शन में लहंगा पहनने वाली है, तो अब आप अपने लहंगे लुक को गॉर्जियस और एलिगेंट टच देने के लिए इस खूबसूरत कुंदन स्टड नेकलेस सेट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को आप ऑनलाइन खरीद सकती है या फिर अपने नजदीकी दुकान पर ऑर्डर देकर मंगवा सकती हैं।

### खूबसूरत ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस

शादी वाले घर में अगर आप भीड़ से हटकर दिखाना चाहती हैं और सभी मेहमानों को खुश करना चाहती हैं, तो अपने आउटफिट के साथ इस खूबसूरत



ब्लैक स्टोन गोल्ड प्लेटेड चोकर नेकलेस डिजाइन को भी ट्राई कर सकती हैं। इस नेकलेस को पहनकर आप किसी हसीना से कम नहीं लगेंगी। आपको यह नेकलेस ऑनलाइन मिल जाएगा।

कार्नर न्यूज

### दोस्त या भाई के इस्तेमाल किए फैशनेबल आइटम्स से दूर रहें तो बेहतर

## दूसरों के इन फैशनेबल आइटम्स को नहीं करना चाहिए इस्तेमाल, इसके पीछे की वजह भी जानिए

अपने दोस्त या भाई के फैशनेबल आइटम्स को पसंद करना चाहिए। यह अच्छी आदत है। मगर उनकी चीजों को पसंद करने का मतलब यह नहीं कि आप उन्हें हथिया लें। कई लोगों को जैसे ही किसी दूसरे की चीजें पसंद आती हैं, उसे लेकर पहन लेते हैं। जबकि ये सबसे बुरी आदत है।

यह आदत स्वास्थ्य के हिसाब से भी हानिकारक साबित हो सकती है। इसलिए आज हम उन चीजों के बारे में बात करेंगे जो भूलकर भी इस्तेमाल नहीं करनी चाहिए। जबकि हम लोग इन चीजों को बिना सोचे समझे एक झटके में पहन लेते हैं। ऐसा करने वाले भी काफी लोग हैं।

### क्यों उपयोग नहीं करना चाहिए?

पहली बात यह है कि यह अच्छी आदत नहीं। हमें कभी भी ऐसा नहीं करना चाहिए। दूसरी बात है स्वास्थ्य संबंधित। जी हां, इन चीजों के उपयोग से आपको संक्रमण हो सकता है। हालांकि आपको यह बात मजाक लगे लेकिन ऐसा करना



स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। चलिए अब हम उन चीजों के बारे में जान लेते हैं-

### चश्मा / सनग्लास

वायरस और बैक्टीरिया दोनों से ही आंखों में संक्रमण होते हैं। कंजक्टिवाइटिस, आंखों का लाल होना, आंखों में खुजली आदि संक्रमण आंखों में होते हैं। ये संक्रमण बहुत तेजी से फैल सकते हैं। इसलिए आंखों के बचाव के लिए हम चश्मा पहनते हैं।

मगर कई लोगों के चश्मे बहुत पसंद आते हैं। जैसे ही हम देखते हैं उस पर दिल आ जाता है। इसलिए उनके चश्मे / सनग्लास को आजमाने लगते हैं। मगर हमें कभी भी किसी दूसरे शख्स का चश्मा / सनग्लास नहीं पहनना चाहिए। अगर आपको आजमाना भी है तो इसके लिए दुकान चले जाएं। वहां से अपने लिए नया चश्मा लेकर आ जाएं।

### टोपी / कैप

सिर में होने वाले संक्रमण से अगर आप अवगत नहीं हैं तो हो जाएं। क्योंकि यहां से भी संक्रमण फैल सकता है। इसके लिए आपको अपनी आदत सुधारनी होगी। हम कई बार



किसी दूसरे की टोपी / कैप को पहन लेते हैं।

अगर आप किसी दूसरे की टोपी / कैप पहनते हैं तो इससे इंफेक्शन हो सकता है। खासकर सिर में सबसे अधिक होने वाली समस्या डैंड्रफ भी आपके सिर में हो सकती है। इसलिए अपने लिए नई टोपी खरीद लें क्योंकि ये काफी सस्ती होती हैं।

### फैशनेबल मास्क

कोरोना काल में मास्क हमारे वार्डरोब का अहम हिस्सा हो चुका है। यह आने वाले कितने समय तक हमारे साथ रहेगा किसी को नहीं पता है। खैर हमें इसका पता नहीं लेकिन यह बात जान लें कि कभी भी किसी दूसरे शख्स का मास्क इस्तेमाल न करें।

घर में कई बार किसी दूसरे का रियूजेबल मास्क पसंद आने पर या अन्य किसी कारणवश हम इसे यूज कर लेते हैं। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए सबसे खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए आप भूलकर भी किसी दूसरे का मास्क उपयोग न करें।